# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं



पुरी की रथयात्रा में लाखों की भीड़ जुटी

*जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, गूंजे जयकारे, विश्व शांति की कामना*

# बलभद्र सुभद्राभ्याम जगन्नाथाय ते नमः


एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। 12 दिन चलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। पुरी रथ यात्रा तीन भाई देवताओं भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को उनके रथों पर लाने के साथ शुरू हुई।



### 10 से 12 लाख लोग जुटे

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर ओडिशा के एडीजी एलएंडओ संजय कुमार ने कहा कि हमारा अनुमान है कि यहां 10 से 12 लाख लोग जुटे। 200 से अधिक ओडिशा पुलिस प्लाटून यहां तैनात किए गए हैं। आरएएफ की तीन कंपनियों सहित सीएपीएफ की 8 कंपनियां तैनात की गई हैं। एनएसजी, एनएसजी स्नाइपर्स, सीओएसजी, कोस्ट गार्ड ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम सहित कई जीओआई तकनीकी टीमें ओडिशा पुलिस के साथ सहयोग कर रही हैं।



### जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू

अहमदाबाद में रथ यात्रा के दौरान जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू हो गया और उसने अजीब व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसे तुरंत काबू में कर लिया गया और वहां से ले जाया गया। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि अग्निशमन विभाग, डॉक्टर और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

### एमपी राइज 2025 कॉन्क्लेव : 35 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

# रतलाम में आए 30,402 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव

सीएम ने कहा कि रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में दीवाली पर हर व्यापारी लाखों की संपत्ति रखते हैं अब यहां भी निवेश की बारिश हो गई

- जल्दी ही एयर कार्गो के जरिए हवाई मार्ग से माल की आवाजाही की जाएगी
- निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम 29 जून को सूरत में रोड-शो करेंगे

2012 करोड़ से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों एवं क्लस्टर्स का हुआ भूमि-पूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रतलाम की राइज कॉन्क्लेव में 30402 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 35 हजार 520 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएसएमई इकाइयों को भी नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी देने की घोषणा की गई। 288 एमएसएमई इकाइयों को 270 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि, 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 425 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता, 538 एमएसएमई इकाइयों को भूखंड आवंटन पत्रों का वितरण तथा 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र दिए गए।



- 288 एमएसएमई इकाइयों को 270 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि
- 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 425 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता
- 538 एमएसएमई इकाइयों को भूखंड आवंटन पत्रों का वितरण
- 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र दिए गए

### 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को मिला 3861 करोड़ रुपए का ऋण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव में प्रदेश के 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिए 3861 करोड़ रुपए की ऋण राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खातों में हस्तांतरित की।

### महाराष्ट्र सरकार से पोर्ट पर सुविधाओं के लिए चर्चा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस के माध्यम से यहां से 6 घंटे में दिल्ली और 6 घंटे में मुंबई पहुंच सकते हैं। महाराष्ट्र सरकार से पोर्ट पर मप्र के व्यापारियों के लिए सुविधाएं शुरू करने के लिए चर्चा की है।

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का यह कारवां रुकेगा नहीं, रतलाम पहले सेव, साड़ियों और सोने के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यही रतलाम स्किल, स्केल और स्टार्टअप्स के लिए जाना जाएगा।*

### मुख्यमंत्री ने की यह प्रमुख घोषणाएं

- पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व स्थापित एमएसएमई इकाइयों की ओर से यदि केवल नवकरणीय संयंत्र की स्थापना के लिए पृथक से निवेश किया जाता है, तो इन इकाइयों को नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र में किए गए निवेश पर उद्योग विकास अनुदान की सहायता दी जाएगी।
- रतलाम में मेगा इन्वेस्टमेंट रीजन से लगे लगी 6 ग्राम बिबड़ौद, पलसोड़ी, रामपुरिया, सरवनीखुर्द, जामथुन एवं जुलवानिया क्षेत्र एवं आबादी में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए मार्ग निर्माण, सामुदायिक भवन एवं आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए प्रति ग्राम पंचायत 50 लाख की राशि स्वीकृत की गई।
- निवेश क्षेत्र इंडस्ट्रीयल पार्क एवं रतलाम क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की सुविधा के लिए नवीन क्षेत्र में 220 केवी विद्युत लाइन की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। रतलाम के पोलो ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर हॉकी का एस्ट्रो टर्फ बनाया जाएगा।

पेट्रोल पंप मैनेजर ने बारिश में पानी रिसाव की बात कही

## सीएम के काफिले की गाड़ी में भर दिया मिलावटी डीजल! पेट्रोल पंप किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

डॉ. सीएम मोहन यादव के काफिले की 19 गाड़ियां डीजल में पानी की मिलावट से बंद हो गईं। सभी गाड़ियों में डोसीगांव के पेट्रोल पंप से डीजल भरवाया गया था। जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है। मिलावट की आशंका में पेट्रोल पंप भी सील कर दिया गया है।

ये सभी गाड़ियां रीजनल इंडस्ट्रियल समिट के लिए इंदौर आई थीं। रास्ते में डोसीगांव स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर ही रुक गईं। इसके बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। जांच की गई। इसमें भी चौंकाने वाला मामला सामने आया। डीजल में पानी की मिलावट मिली है। बताया जा रहा है कि इसी पानी मिले डीजल से सीएम के काफिले की गाड़ियों के इंजन फेल हो गए। इंदौर से दूसरी गाड़ियां मंगवाई गईं। इधर, पेट्रोल पंप मैनेजर ने बारिश में पानी रिसाव की बात कही है।

### इंदौर से दूसरी गाड़ियां मंगवाई गईं



### 20 लीटर डीजल में 10 लीटर पानी

प्रशासन ने रात को पेट्रोल पंप पहुंचकर जांच की और पेट्रोल पंप सील कर दिया। गाड़ियों के टैंक खोलकर देखे गए तो उनमें डीजल के साथ पानी निकला। मालूम पड़ा कि गाड़ी में 20 लीटर डीजल डलवाया तो उसमें 10 लीटर पानी निकला। यह स्थिति सभी गाड़ियों में दिखीं। रात में ही अफसर मौके पर पहुंचे। पेट्रोल पंप को सील कर दिया। फिर इंदौर से दूसरी गाड़ियों का अरेंजमेंट किया।

### नेशनल टीचर अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नेशनल टीचर अवॉर्ड 2025 के लिए स्व-नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीबीएसई एफिलेटेड प्राइवेट स्कूलों के टीचर और प्रिंसिपल इस अवॉर्ड के लिए योग्य है। इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। नेशनल टीचर अवॉर्ड 2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 6 जुलाई 2025 है। योग्य टीचर को 31 मार्च, 2025 तक किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कम से कम 10 वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करनी होगी।




### गुजरात हाईकोर्ट की सुनवाई का वीडियो वायरल

## शर्मनाक...! टॉयलेट सीट पर बैठे हुए ही जज के सामने पेश हुआ शख्स

*वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निरजर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ*

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल हियरिंग का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक शख्य टॉयलेट से जज के सामने पेश हो गया। यह घटना 20 जून की बताई जा रही है। इससे पहले एक शख्स ऑनलाइन हियरिंग सिगरेट पीते हुए कैद हुआ था। यह वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निरजर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ। जब आरोपी शख्स हाईकोर्ट की कार्रवाई में जुड़ा। उस वक्त पर दूसरे पक्ष भी जुड़े हुए थे। जस्टिस निर्जर एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे।



### दूसरी बार ऐसा मामला

यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है। यह दूसरा मामला है इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी घटना सामने आई थी। तब भी अप्रैल में एक शख्स गुजरात हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान कैमरे पर सिगरेट पीता दिखा था। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था।






डेढ़ दर्जन जिलों में झमाझम, नर्मदापुरम जिले में 24 घंटे में गिरा सबसे ज्यादा 68 मिमी पानी


## हरदा, देवास और झाबुआ में अति भारी बारिश



हरदा में पुल पुलिया बंद हो गए


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बारिश के तीन मजबूत सिस्टम सक्रिय होने से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भी दिन के समय अधिकतर जिलों में तेज बारिश रिकार्ड की गई है। शनिवार को भी 11 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवात है तो दक्षिणी हिस्से से द्रोणिका भी गुजर रही है। इस वजह से शुक्रवार सुबह से भोपाल और मऊगंज में बारिश हुई। तेज बारिश और हवा से भोपाल में 1100 क्वार्टर मंदिर के पास एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के दौरान मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, हरदा, ग्वालियर, अशोकनगर, दतिया, सीहोर, रीवा, सिंगरौली, टीकमगढ़, निवाड़ी में बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही भिंड, गुना, राजगढ़, शाजापुर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, देवास, इंदौर, बैतूल में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। **सबसे ज्यादा नर्मदापुरम में हुई बारिश:** पिछले 24 घंटे में नर्मदापुरम जिले में सबसे ज्यादा औसत 68 मिमी पानी गिर गया।

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर खड़े लोगों को टैंकर ने रौंदा, 3 की मौत



**शाहजहांपुर।** यहां के मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात टैंकर की टक्कर लगने से 3लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2लोग बाराबंकी जिले और एक रामपुर का रहने वाला था। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। फीलनगर के पास कार सवार 5 लोग बाइक सवार 2 लोग से सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर

### गैंगस्टर मंजीत के भांजे पर बरसाईं गोलियां



**नई दिल्ली।** यहां के बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दीपक (43) के रूप में हुई है, जो गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था। बाइक सवार अज्ञात लोगों ने दीपक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। इस दौरान दीपक की बेटी भी उसके साथ थी, जो घायल हुई है। पुलिस को गैंगवार की आशंका है।

### रेखा ने नरेला में डीटीसी डिपो का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता ने शनरेला के सेक्टर ए-9 में नए डीटीसी बस डिपो का उद्घाटन किया। उन्होंने 100 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत चलाई जाएंगी।

## कोलकाता में दरिंदगी पर भाजपा का टीएमसी पर बड़ा आरोप

# यहां जघन्य अपराध कम नहीं हो रहे बंगाल महिलाओं के लिए दुस्वप्न बना

लॉ स्टूडेंट गैंगरेप के आरोपी का टीएमसी से संबंध मिला



### भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने ममता सरकार पर साधा निशाना




एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लॉ की एक छात्रा से कॉलेज में गैंगरेप की घटना सामने आने के बाद अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच टकराव का एक नया दौर शुरू को गया है। भाजपा ने इस घटना में गिरफ्तार आरोपियों के टीएमसी के संबंध होने की बात कही है और पार्टी के दूसरे नंबर के नेता और सांसद अभिषेक बेनर्जी के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं हैं, जिनमें एक आरोपी मनोजीत मिश्रा तृणमूल नेताओं अभिषेक, स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और मुख्यमंत्री की भाभी पार्षद कजरी बेनर्जी के साथ खड़ा नजर आ रहा है। मालवीय ने कहा कि आरजी कर का खौफ अभी भी कम नहीं हुआ है और फिर भी बंगाल में इस तरह के जघन्य अपराध रोजाना बढ़ रहे हैं। ममता के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए दुःस्वप्न बन गया है।

### बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी



भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि एक बार फिर ममता बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी दिख रही है! मनोजीत मिश्रा टीएमसी सदस्य है। चाहे वह आरजी कर बलात्कार और हत्या का मामला हो, जहां ममता बनर्जी ने पीड़िता के माता-पिता को चुप कराने की कोशिश की थी या अब, जब आरोपी टीएमसी सदस्य पाया गया है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मजूमदार बोले**

### राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं



बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म की ये घटना दर्शाती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में यह घटना पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद दूसरी बड़ी घटना है। आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे। मजूमदार ने आरोप लगाया कि ममता के गृह विभाग का काम संभालने के बावजूद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद 'खराब' है। कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना हुई और इससे यह साबित होता है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। कालीगंज उपचुनाव के नतीजे से पहले बम विस्फोट में एक लड़की की मौत का भी जिक्र किया।

### एनसीडब्ल्यू ने पुलिस को समय से जांच का निर्देश दिया

इस घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कोलकाता पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा और मामले में तत्काल व समयबद्ध जांच के निर्देश दिए। संस्था ने दक्षिण कोलकाता की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर घटना पर चिंता जताई और त्वरित और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग की अध्यक्ष ने पीड़िता को पूर्ण चिकित्सकीय, मानसिक और कानूनी सहायता देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 396 के तहत उसे मुआवजा दिए जाने की बात कही है।

### ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल से बढ़ गईं सुविधाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' के अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा,पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में अहम होगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग // तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।के लिये निविदायें है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 282 Date- 27/06/2025<br>2025_UAD_433158_1 | वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत अमखेरा कोल बस्ती के पीछे निर्मित L&T नाले का क्षतिग्रस्त स्ले ब का निर्माण कार्य। | 02 माह<br>7.36 लाख | 2000/-<br>7360 | 09/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर

### विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन

तरन तारन। पंजाब की तरन तारन विधानसभा सीट के विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे और अमृतसर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी से लंबी लड़ाई के बाद शुक्रवार को जिंदगी की जंग हार गए।

**कार्यालय डिवीजनल कमाण्डेंट होमगार्ड जबलपुर संभाग जबलपुर म.प्र.**

क्रमांक/ /स्टोर/नीलामी/2025 जबलपुर, दिनांक / /2025

-: घोष विक्रय तृतीय नीलामी की सूचना:-

होमगार्ड विभाग मे जबलपुर संभाग के अन्तर्गत आने वाले जिलो के तथा सी.टी.आई. मंगेली जबलपुर के भण्डार निष्प्रयोज्य वस्त्र आदि ( कण्डम सामान) जैसे - ऊनी सामान तथा कम्बल, पेन्ट, शर्ट (कॉटन) व पेन्ट शर्ट (टेरीकाट) मच्छरदानी, बरसाती, बूट एकल, हाफ शु जोड हन्टर शु जोड, जर्सी, टोपी, मोजा, ओवर कोट, किट वॉक्स, दरी, एवं टायर ट्यूब, स्क्रेप (एम.टी. से संबधित ) आदि विभिन्न सामान काफी मात्रा में नीलाम होगा। सामान दिनांक 17.07.2025 दिन गुरुवार को समय 1500 बजे कार्यालय डिवीजनल कमाण्डेट होमगार्ड जबलपुर दरीखाना कलेक्ट्रेट के पास होमगार्ड लाईन के प्रागण में नीलाम किया जाना निश्चित किया गया है ।

शर्ते :- 01 - बोली बोलने वाले को प्रतिभूति राशि के रूप में 10,000 / - ( दस हजार ) मात्र का बैंक ड्राफ्ट डिवीजनल कमाण्डेंट होमगार्ड जबलपुर के नाम से दिनांक 17.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से समय 14:00 बजे तक जमा करना होगा। नीलामी कार्यवाही में उन्हीं को भाग लेने दिया जावेगा, जो कि बैंक ड्राफ्ट नियत समय पर जमा करेंगे। उक्त दिनांक को 15:00 बजे से नीलामी कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी ।(नगद धन राशि जमा नहीं की जावेगी)

02 - सरकारी कीमत (आफसेट प्राइज) से अधिक मूल्य की बोली लगाने पर ही बोली समाप्त की जावेगी, अन्यथा नीलामी स्थगित कर दी जावेगी ।

03 - माल की शेष कीमत तुरन्त भुगतान करके माल की सुपुर्दगी उसी समय लेना होगा। अन्यथा अधोहस्ताक्षरकर्ता प्रति दिवस के मान से पेनाल्टी अधिरोपित कर सकेगा ।

04 - नीलामी की बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत अथवा कार्यवाही स्थगित करने का पूर्ण अधिकार नीलामी कमेटी को होगा ।05 - कण्डम सामग्री की खुली नीलामी एक लाट में की जावेगी ।

06-नीलामी हेतु कण्डम सामग्री कार्यालय में दिनांक 17.07.2025 को दरीखाना कलेक्ट्रेट के पास होमगार्ड लाईन में देखी जा सकती है।

07 - नीलामी कमेटी द्वारा स्वीकृत की गई अन्तिम उच्चतम बोली बोलने वाले बोलीदार की प्रतिभूति राशि रोककर शेष के ड्राफ्ट तत्समय ही वापिस कर दिये जायेंगे ।

08 - ड्राफ्ट जिस व्यक्ति के नाम से बनाकर जमा किया जावेगा मात्र उसी को नीलामी कार्यवाही में भाग लेने दिया जावेगा अतः सभी बोली दार अपने दो फोटो एवं परीचय पत्र (वोटर आई डी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड) की मूलप्रति सहित एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित होवें ।

( आशीष खरे )
G-14892/25 डिवीजनल कमाण्डेंट होमगार्ड जबलपुर

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन 'अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स उमरिया ग्रीन एनर्जी, प्रा.लि., प्लाट नं. 31, इण्डस्ट्रियल एरिया, उमरिया-डुंगरिया फेस-1 (Ext). तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर में प्रस्तावित 350 के.एल.पी.डी. अनाज आधारित इथेनॉल संयंत्र के साथ-साथ 7.0 मेगावॉट सह-उत्पादन विद्युत संयंत्र हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत उमरिया डुंगरिया, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं. 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त ग्रीन एनर्जी प्लान्ट, अनाज आधारित इथेनॉल संयंत्र के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 11/08/2025 दिन सोमवार को दोपहर 02:00 बजे मेसर्स उमरिया ग्रीन एनर्जी, प्रा.लि., प्लाट नं. 31, इण्डस्ट्रियल एरिया, उमरिया-डुंगरिया फेस-1 (Ext). तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/ टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

## डॉ. मोहन यादव सरकार का भागीरथी प्रयास सफल

# शासकीय-अशासकीय भवनों में जल संग्रहण के लिये वॉटर हार्वेस्टिंग को दी गई प्राथमिकता



भोपाल

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में 30 मार्च से शुरू किये गये कार्य लगभग पूरे किये जा चुके है। जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की जा रही है। प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून को संपन्न हो जायेगा। जिलों में जल स्त्रोतों के आसपास व्यापक पौधरोपण योजना तैयार की जा रही है। जल संरक्षण के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दी गई है।




### अशोक नगर न्यायालय परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

अशोक नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान में संविधान बाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में जल संरक्षण के लिये रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह कार्य जिला न्यायाधीश श्री संजीव सिंघल के मार्गदर्शन में किया गया। वर्षा काल के दौरान जल को संरक्षित करने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया है। संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में सोखते गड्डो का निर्माण किया गया है।

### खंडवा में जल संवाद कार्यशाला

खंडवा जिले में गिरते भू-जल स्तर को रोकने और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय और निजी भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित किए जा रहे हैं।

### नरसिंहपुर में जल सहेजने के उद्देश्य से हो रहे दीवार लेखन

नरसिंहपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण अंचल में जल सहेजने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की विभिन्न समितियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किए गए है। दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रेरक स्लोग के जरिये लोगों को प्रेरित कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिए गए है। इसी क्रम में विकासखंड चीचली के ग्राम रहमा- बेलखेड़ी में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से दीवार लेखन का कार्य किया गया।




**स्वच्छ जल सुरक्षित भविष्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक चलेगा। शहडोल जिले में अभियान में निरंतर गतिविधियाँ चल रही है। अभियान के अंतर्गत जहा एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओ का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत धनगंवा में नवीन खेत तालाब निर्माण के कार्य सामूहिक भागीदारी से किये गए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

बारिश के पानी का संचयन करने ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता

# प्रदेश में बन रहे 83 हजार से अधिक खेत तालाब



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में बारिश के पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए 90 दिन का जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नई जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन भी दिया जा रहा है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर आमजन की जागरूकता व उत्साह देखते बन रहा है। परिणाम यह है कि प्रदेश में सिर्फ 85 दिन में ही 83 हजार से अधिक खेत तालाब का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पर 1939.3 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है।



### नीमच जिले के किसान आगे आकर बनवा रहे खेत-तालाब

जल गंगा संवर्धन अभियान में नीमच जिले के किसान भी बारिश के प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए आगे आए हैं। जिले में अभियान के अंतर्गत 807 खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें जावद में 196, नीमच में 209 एवं जनपद क्षेत्र मनासा में 398 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी श्री सुशील दौराया ने बताया कि नीमच जिले में पूर्व में मनासा जनपद क्षेत्र में ही किसानों द्वारा खेत तालाब निर्माण में रुचि लेकर निर्माण करवाया जाता था, इस बार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत न केवल मनासा बल्कि नीमच एवं जावद क्षेत्र के किसानों ने भी आगे आकर खेत तालाबों का निर्माण कराया है। नीमच जिले में 729 खेत तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 807 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नियमित रूप से उपयंत्रीवार खेत तालाब निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। परिणाम स्वरूप जिले में सभी 807 खेत तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर अधिकांश खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस बारिश में इन खेत तालाबों में वर्षा जल का भराव भी होना प्रारंभ हो गया है।

### प्रदेश में 83 हजार 662 खेत तालाब का निर्माण जारी

जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में 77 हजार 940 खेत तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन प्रदेश में लक्ष्य से अधिक 83 हजार 662 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। इन खेत तालाबों के बन जाने से प्रदेश में सिंचाई का रकवा बढ़ेगा और भू-जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

## आगर-मालवा महिलाओं द्वारा वाटर सेम्पल टेस्ट

आगर-मालवा जिले में जल शक्ति अभियान, केच द रेन के तहत केंद्रीय नोडल अधिकारी के समक्ष प्रशिक्षित महिला देवबाई, जरसूबाई रेखाबाई और संतोष बाई ने पानी का पी. एच. मान का टेस्ट लगा कर पानी की गुणवत्ता जांची। केन्द्रीय दल द्वारा महिलाओं के कार्य की प्रशंसा की गई। जिले में प्राचीन बावड़ियों की पहचान कर उनके महत्व की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को जल स्त्रोतो की साफ-सफाई निरंतर किये जाने की शपथ दिलाई गयी।



### डिंडौरी में जल गंगा संवर्धन

डिंडौरी जिले में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। जिले में 2200 खेत तालाब बनाए गए है। इनमें से अधिकाश पूरे हो चुके है। जिले में 1500 कुओं का जल स्तर बढ़ाने के लिये रिचार्ज संरचनाएं बनाई जा रही है। जिले के जनपद पंचायत में 187 सार्वजनिक तालाब का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी कार्य गुणवत्ता के साथ आगामी 7 दिन में पूरा करने के निर्देश दिये।

# अनूपपुर में चला जल संवर्धन अभियान

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं का पुर्नजीविकीकरण एवं संरक्षण का किया जा रहा है कार्य

अनूपपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जनचेतना का परिदृश्य साफ दिखाई दे रहा है। अभियान के अंतर्गत नदी, तालाबों, चेक डेम, स्टाप डेम, कुआं-बावड़ी व सार्वजनिक कुआं के गहरीकरण, मरम्मत, सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक गतिविधियां शासकीय, अशासकीय संस्थाओं तथा जनसहयोग के माध्यम से की जा रही है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड अनूपपुर में सोन नदी से लगे मुक्तिधाम घाट एवं नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे का निपटान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया गया।



D-16048/25

जयशंकर ने कांग्रेस पर कसा तंज

# लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने आज तक आपातकाल पर नहीं मांगी माफी

*जयशंकर ने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था। जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग आज संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन दिल में उसका सम्मान नहीं करते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, वो आज तक आपातकाल पर माफी नहीं मांग सके।

*आपातकाल से दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक छवि को धक्का लगा*



### देश का मनोबल तोड़ने की साजिश

विदेश मंत्री ने कहा कि उस दौर में देश का मनोबल तोड़ने की साजिश हुई। जो राजनीति में थे, उन्हें पता था कि कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। जो जेल गए, उन्हें नहीं पता था कि कब बाहर निकलेंगे। इतना डर और अन्याय शायद ही कभी देखा गया हो। जयशंकर ने कहा कि 'किस्सा कुर्सी का' फिल्म के नाम में ही उस वक्त की असलियत छिपी है। जब परिवार को देश से ऊपर रखा जाता है, तब ही आपातकाल जैसे काले अध्याय लिखे जाते हैं।

### आज देश पहले, परिवार नहीं

जयशंकर ने कहा कि कहा कि आज हालात बदल चुके हैं। आज देश का हित सबसे ऊपर रखा जाता है। जब शशि थरूर, सुप्रिया सुले, कनिमोझी, संजय झा, जय पांडा, रविशंकर प्रसाद और श्रीकांत शिंदे जैसे नेता विदेशों में एकजुट होकर भारत का पक्ष रखते हैं, आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तब दुनियाभर में भारत की तारीफ होती है। यही असली लोकतंत्र और देशभक्ति है।

### सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोपा

एस. जयशंकर ने कहा कि 1971 में मिली चुनावी जीत के कुछ साल बाद ही सरकार की लोकप्रियता गिरने लगी थी। भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई थी। गुजरात और बिहार में आंदोलन चल रहे थे। 'युवराज' के बिजनेस को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सरकार ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोप दिया।

### 2 साल में 5 बार संविधान से हुआ खिलवाड़

*विदेश मंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान सिर्फ दो साल में 5 बार संविधान में संशोधन हुआ और 48 अध्यादेश लाए गए। 38वें संशोधन में आपातकाल को अदालत में चुनौती देने का अधिकार छीना गया, जबकि 42वें संशोधन में मौलिक अधिकार कमजोर कर दिए गए और न्यायपालिका की शक्ति सीमित की गई। जयशंकर ने बताया कि जब वह विदेश सेवा में नए थे, तब उनके सीनियर्स ने उन्हें बताया था कि दुनियाभर में भारत की 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' वाली छवि को गहरा धक्का लगा था। भारत की बहुत आलोचना हुई और भारतीय राजनयिकों के लिए हालात बेहद कठिन हो गए थे।*

### जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अराघची से की बात

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।*

---

## खबर संक्षेप

### असम में कुए से गैस रिसाव पूरी तरह रोका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और



प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुए में 16 दिनों तक जारी गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। इसे बिना किसी जानमाल की हानि के अंजाम दिया गया। यह विस्फोट 12 जून को शुरू हुआ था। ओएनजीसी ने शुक्रवार को 11:15 बजे कुआ आरडीएस 147ए के विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए कंपनियां उत्तरदायी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके



उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर सहमति जताई, साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष बेलोसोव से की मुलाकात

# एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य उपकरणों की डिलीवरी पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ किंगदाओ

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला*

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रूस ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के बचे दो स्क्वाड्रनों को 2026-27 तक भारत को दे देगा। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान को जमकर धूल चटाई थी। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के चौथे और पांचवें स्क्वाड्रन की डिलीवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से देरी हुई है।

1 रूस ने पहलगाम हमले को कायराना आतंकी कृत्य बताया

2 आधुनिक रक्षा क्षमताओं के उन्नयन पर भी हुई बातचीत



### एस-400 की खासियत

एस-400 के हर एक स्क्वाड्रन में दो मिसाइल बैटरियां होती हैं, जिनमें 128 मिसाइलें शामिल होती हैं। ये मिसाइलें 120, 200, 250 और 380 किमी. तक मार करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही इसमें लंबी दूरी का रडार सिस्टम और हर मौसम में चलने वाले ट्रांस्पोर्ट व्हीकल भी होते हैं। भारतीय वायुसेना ने पहले तीन एस-400 स्क्वाड्रनों को चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में तैनात किया हुआ है।

### रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई।

### दोनों देश रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।*

### 2018 में हुई थी डील

बता दें, 2018 में भारत-रूस के बीच 40 हजार करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत भारत को एस-400 के 5 स्क्वाड्रन 2023 के आखिरी तक मिलने थे लेकिन अब तक भारत को सिर्फ 3 स्क्वाड्रन ही मिल पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चौथा स्क्वाड्रन अगले साल तक और पांचवां स्क्वाड्रन 2027 में मिल जाएगा।

## भारत ने चीन को सुझाए चार विकल्प

कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर जताई खुशी

### तनाव कम करने के साथ आपसी संबंध होंगे बेहतर



शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन को संबंधों को बेहतर करने का फार्मूला सुझाया। भारत ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए चीन से चार योजनाओं पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर खुशी जताई। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान चीन को चार फार्मूलों पर काम करने के लिए कहा गया। इसमें पहला 2024 की विघटन योजना का पालन करना, दूसरा तनाव कम करने के लिए प्रयास, तीसरा सीमाओं पर सीमांकन और परिसीमन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और चौथा मतभेदों को दूर करने और संबंधों में सुधार के लिए नई प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि स्तर के तंत्र का उपयोग करना शामिल है।

चीन बोला संवाद तथा आपसी विश्वास को बढ़ा रहे

### मधुबनी पेंटिंग भेंट की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन जून के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने चीनी समकक्ष को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। बिहार के मिथिला क्षेत्र में बनी पेंटिंग की विशेषता चमकीले रंगों और विरोधाभासों या पैटर्न से भरे रेखा चित्र हैं। ये पेंटिंग अपने आदिवासी रूपांकनों और चमकीले मिट्टी के रंगों के उपयोग के कारण लोकप्रिय हैं। रक्षा मंत्री की मुलाकात के बाद चीन ने कहा कि भारत चीन के साथ कोई टकराव नहीं चाहता है और संवाद तथा आपसी विश्वास को बढ़ा रहा है।

### भारत हमारी विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण क्षेत्रः बेलारूस

बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर ख्रेनिन ने कहा कि भारत के साथ सहयोग बेलारूस की विदेश नीति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक लाभ और सम्मान के सिद्धांतों पर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान यह बातें कहीं।



---

*आईओएनएस कार्य समूह की हुई बैठक*

## 13 सदस्य देशों ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 24 से 25 जून, 2025 तक नई दिल्ली में समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कार्य समूह की बैठक का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा ढांचे को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। 13 आईओएनएस सदस्य देशों के प्रतिनिधि-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण




अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और थाईलैंड हिंद महासागर (आईओआर) में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से बहुपक्षीय तंत्र की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया।

---

उत्तराखंड में बारिश से गिर रहा मलबा

## सोनप्रयाग के पास केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग/ शिमला

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिला प्रशासन ने सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार बिंदु के रूप में कार्य करने वाली सड़क सोनप्रयाग शटल पुल के पास और मुनकटिया के पास स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में लगातार मलबा और पत्थर गिरने के कारण यात्रियों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बाधित हो गई। सड़क को खोलने और बंद करने की प्रक्रिया को नियंत्रित किया जा रहा है तथा प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस द्वारा अतिरिक्त सतर्कता के साथ यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जिला पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे केदारनाथ धाम यात्रा पर अतिरिक्त सावधानी के साथ आएं तथा मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें।

### हिमाचल में 7 की मौत, मनूणी खड्ड में एक और शव मिला

*हिमाचल में बुधवार को पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक सात लोगों की जान चली गई है। धर्मशाला और कुल्लू में छह लोग अभी भी लापता हैं। धर्मशाला के खनियारा में मनूणी*



*खड्ड में बहे एक और श्रमिक का शव सुबह बरामद हुआ है। दो अभी भी लापता हैं। गुरुवार को यहां तीन शव बरामद हुए थे। मौसम के कहर के बीच पहाड़ी में चढ़ गए एक युवक को रेस्क्यू कर लिया गया है। कुल्लू और धर्मशाला में टीमें तलाश में जुटी हैं। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि हमारा लक्ष्य लापता श्रमिकों का पता लगाना है।*

**रुद्रप्रयाग हादसा मृतकों की संख्या बढ़कर 4 हुई**

गुरुवार को रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना में लापता लोगों की तलाश के लिए अलकनंदा नदी पर दूसरे दिन भी खोज और बचाव अभियान जारी रहा। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने दुर्घटनास्थल से लगभग 40 किलोमीटर दूर पौड़ी गढ़वाल में श्रीनगर बांध के पास एक लापता यात्री का शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई।

---

*आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार*

## आतंकी संगठनों से वीओआईपी और वीपीएन से करते थे संपर्क

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल पाक समर्थित आतंकियों के तीन मददगारों को सोपोर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक नेटवर्क का प्रयोग कर बराबर आतंकियों के संपर्क में थे। स्थानीय युवाओं को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल करने में भी सक्रिय थे। तीनों को कोट भलवाल जेल में रखा गया है। सोपोर पुलिस के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक गतिविधियों में लगातार सक्रियता के



लिए सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। तीनों की पहचान इरफान मोहिउद्दीन डार पुत्र मोहिउद्दीन डार निवासी संग्रामपोरा सोपोर, मोहम्मद आसिफ खान पुत्र अबू रहमान खान निवासी हरवान बोमई और गौहर मकबूल राथर पुत्र मोहम्मद मकबूल राथर निवासी हरदुशिवा के रूप में हुई।

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए 2.57 लाख करोड़ देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ एक नया समझौता करने की योजना बनाई है, जिसमें ईरान को गैर-संवर्धन (नॉन-एनरिचमेंट) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.57 लाख करोड़) की सहायता देने की पेशकश की है। ताकि उसे परमाणु समझौते की मेज पर वापस लाया जा सके। यह कार्यक्रम केवल नागरिक ऊर्जा उत्पादन के लिए होगा, जैसे बिजली संयंत्रों के लिए।

---

बांग्लादेश में मंदिर तोड़ने पर घिर गए अंतिरम सरकार के सलाहकार यूनुस

# सड़कों पर उतरा सनातनी समाज, बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंदिर गिराए जाने को लेकर जबरदस्त हंगामा मचा हुआ है। इस घटना के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के



आज ढाका प्रेस क्लब के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा

प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस का जमकर विरोध शुरू हो गया है। मंदिर तोड़े जाने के खिलाफ ढाका की सड़कों पर सनातनी समाज उतर आया है और सरकार को आंदोलन की खुली चेतावनी दी है। दरअसल, ढाका के बीचों-बीच रेलवे लाइन के पास स्थित एक दुर्गा मंदिर को सरकारी बुलडोजर से गिरा दिया गया। इस घटना के बाद से ही पूरे शहर का माहौल बिगड़ रहा है। सनातन समाज ने यूनुस सरकार पर भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल के कार्यकारी महासचिव मनींद्र कुमार नाथ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

### सरकार पर धार्मिक उन्माद बढ़ाने का आरोप

मनींद्र नाथ ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं केवल धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देती हैं। दुख की बात यह है कि सरकार इन घटनाओं को अफवाह बताकर नजरअंदाज कर रही है, जबकि पूरा देश इन घटनाओं का गवाह बन रहा है। सनातन समाज ने चेतावनी दी है कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह ढाका प्रेस क्लब के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन का कहना है कि सरकार लगातार अल्पसंख्यक समुदाय की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब पूरा समाज एकजुट हो चुका है।

### भारत सरकार ने जताई नाराजगी

वहीं, भारत सरकार ने भी इस मामले पर अपनी नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा है कि वहां के हिंदुओ और उनकी संपत्ति की रक्षा करना बांग्लादेश की सरकार के काम है। बांग्लादेश सरकार इस घटना को लेकर अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दे पाई है। लोगों का कहना है कि सरकार जानबूझकर ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज कर रही है, जिससे अल्पसंख्यकों में डर बना रहे।

### पिछले तीन चुनावों की होगी जांच

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 2014, 2018 और 2024 के आम चुनावों में कथित गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार और प्रशासन की भूमिका की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति यह भी सुझाव देगी कि भविष्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कैसे कराए जा सकें। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, इस समिति की अध्यक्षता पूर्व हाई कोर्ट जज शमीम हसनैन कर रहे हैं। समिति को 30 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। अधिसूचना में कहा गया है कि इन तीन चुनावों में कानून का राज, लोकतंत्र और मौलिक मानवाधिकारों को कमजोर किया गया था। चुनावों के दौरान व्यापक गड़बड़ियों और जनता के वोट देने के अधिकारों को छीने जाने के आरोप लगे हैं।



चिंतन

# संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तत्व पहले से ही

संविधान की प्रस्तावना में वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिये जोड़े गए शब्द 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' को लेकर एक बार फिर से बहस गर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बार फिर से संघ राग छेड़ा है कि चूंकि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन के जरिये समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए हैं, इसलिए मूल प्रस्तावना में ये शब्द प्रासंगिक हैं या नहीं, इस पर सार्वजनिक बहस होनी चाहिए। इसके बाद से देश में विपक्ष की ओर से सियासत तेज है और कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल के नेता संघ पर हमलावर हैं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने को लेकर बार-बार मांग के पीछे की सोच भारतीय दृष्टिकोण की द्योतक नहीं है, वर्ष 2025 में ऐसी बहस ही प्रासंगिक नहीं है। भारत संस्कृति और प्रकृति से समावेशी और समाजवादी है। भारतीय सनातन चिंतन में गहरे रूप से समाजवाद की अवधारणा सभी एक समान हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम् के रूप में निहित है। संविधान के मूल अधिकारों में सबके समान अधिकारों, सामाजिक व आर्थिक समानता व जनकल्याण की बात वर्णित हैं। संविधान में जोड़े गए शब्द समाजवादी का तात्पर्य उस समय राष्ट्रीयकरण अथवा साम्यवाद से नहीं था। संविधान वास्तव में कल्याणकारी राज्य के प्रति राज्य (देश) की प्रतिबद्धता और समान अवसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यही बात समाजवादी शब्द के भाव में भी निरूपित है। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष शब्द तो संविधान की आत्मा में पहले से ही है। इसको संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा अर्चना और धर्म के पालन की स्वाधीनता के जरिए व्यक्त किया गया है। प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ कर इस विचारधारा को मजबूत किया गया था। भारत कभी धर्मप्रधान देश रहा ही नहीं है, समावेशी संस्कृति प्रधान देश रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदुत्व जीवनशैली है और इसकी मूल प्रकृति समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता ही है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य और एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता वास्तव में संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। डा. भीमराव आंबेडकर लिखित संविधान के दर्शन में पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। इन दोनों शब्द के जुड़ने के बाद से संविधान की भावना के दुरूपयोग की संभावना खत्म हो जाती है। आपातकाल में यह शब्द जोड़े गए, केवल इसी आधार पर इस पर सार्वजनिक बहस की मांग का कोई औचित्य नहीं है। आपातकाल देश के लिए काला दिन था और वह हमेशा रहेगा। राष्ट्र दुबारा ऐसी स्थिति में न पहुंचे, इसलिए इसे याद रखना जरूरी है। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने संबंधी याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि लगभग 44 वर्षों के बाद इस संविधान संशोधन को चुनौती देने का कोई वैध कारण या औचित्य नहीं है। इन दोनों शब्दों ने देश में व्यापक स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इनके अर्थ हम भारत के लोग बिना किसी संदेह के समझते हैं। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की अनुमति देता है; संशोधन की शक्ति संसद के पास है, इसलिए हमें किसी भी तरह के संशोधन को संसद के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# भारत में सहकारिता का अमृतकाल

सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। अमित शाह का यह स्वप्न लम्बे समय से था कि हम भारत में सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है।

भारत का यह अमृतकाल है। इस काल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना, जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है।

देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं।

अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है, तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछ इस प्रकार थे- विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पंच प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है। विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलाएं हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक-दूसरे का




सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। वस्तुतः आत्मनिर्भरता की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भारतीय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देशभर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट शुरू

देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा मोर्चे की पैरवी करते हुए कुछ नेताओं को तीसरे मोर्चे की याद सताने लगी है। विशेषकर आम आदमी पार्टी, नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण की आज़ाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य का लोक मोर्चा और इंडियन नेशनल लोकदल जैसी राजनीतिक पार्टियों ने मौजूदा स्थितियों में तीसरे मोर्चे की वकालत की है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से अलग होकर तीसरे मोर्चे की पहल की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तीसरे मोर्चे के गठन की जरूरत के संकेत दिए हैं। आतिशी ने हाल ही में बयान दिया कि विपक्ष को अब कांग्रेस से हटकर विकल्प तलाशने की जरूरत है। इस बयान ने विपक्ष के भीतर तीसरे मोर्चे की संभावना को नया बल दे दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए जी-तोड़ प्रयास में जुटी हैं। कुछ क्षेत्रीय क्षत्रप भी तीसरे मोर्चे के गठन में अपनी रुचि दिखा रहे है। देश में वर्तमान में एनडीए और इंडिया नाम से दो सियासी मोर्चे वजूद में हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सत्तारूढ़ है। जहां तक राज्यों की बात है, उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में जहां एनडीए सत्ता पर काबिज है वहीं दक्षिण के राज्यों में इंडिया गठबंधन सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, आंध्रा और दिल्ली आदि राज्यों में एनडीए या यूं कहे भगवा दल का परचम फहरा रहा है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, बंगाल में इंडिया काबिज है।

हालांकि इंडिया में रहने के बावजूद बंगाल में टीएमसी और केरल में कम्युनिष्ट अपने बलबूते पर राज कर रहे हैं। पंजाब में राज करने वाली आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अब तीसरे मोर्चे की कवायद कर रही है। देश में बहुत सी ऐसी पार्टियां भी हैं जो दोनों प्रमुख मोर्चों में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। ये पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ रह चुकी है और अब स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं। इनमें यूपी में बहुजन समाज पार्टी, पंजाब में अकाली दल, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, आंध्रा में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी, राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की रालोपा, तेलंगाना में केसीआर की पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल शामिल हैं। इन्हें हम निर्गुट पार्टियां भी कह सकते हैं। एक बहुजन समाज पार्टी है जिसने अकेले चलो का नारा बुलंद किया है, मगर तीसरा मोर्चा बनाने की कोई पहल नहीं की है। तेलंगाना में सत्ता गंवाने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के नेता के.चंद्रशेखर राव ने कभी तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत जोर-शोर से की थी, मगर करारी हार के बाद वे भी अब अलग-थलग पड़े हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। निर्गुट पार्टियों में से एक बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना है कि सियासी पार्टियां उनकी पार्टी के बारे में कोई बेवजह बयानबाजी न करें। पता नहीं भविष्य में कब किसको किसी की जरूरत पड़ जाये, तब उन्हें किसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़े। देश की लगभग 62 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 36 पार्टियां एनडीए के झंडे के नीचे हैं। देश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा एक दर्जन ऐसी पार्टियां हैं जिनका लगभग एक सौ लोकसभा सीटों पर खासा दबदबा है। ये पार्टिया किसी गुट विशेष में नहीं हैं और स्वयं की अलग पहचान बनाये हुए हैं। उड़ीसा में बीजू जनता दल, आंध्रा में वाईएसआर कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस विधान सभा चुनाव हारकर सत्ताच्युत हो चुकी है। निर्गुट पार्टियां किसी गठबंधन में नहीं है मगर अपने अपने राज्य में इनका दबदबा है। विशेष रूप से उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना की पार्टियां इनमें शामिल है। अन्य प्रदेशों की निर्गुट पार्टिया भी कभी न कभी सत्ता पर काबिज रही है। अकाली दल और इनेलो के नेता मुख्यमंत्री के पद पर रहे है। इनमें कई पार्टिया कभी एनडीए की सहयोगी रही है। हाल ही पंजाब और गुजरात में विधानसभा उप चुनाव जीतने के बाद उसका हौसला बुलंद है। आप, ईनेलो, टीएमसी, बीजू जनता दल, केसीआर और जगन रेड्डी की पार्टियां, वामपंथी पार्टियां,अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी को मिलाकर तीसरा मोर्चा बनाया जा सकता है। आप नेता अरविन्द केजरीवाल प्रयास करें तो तीसरा मोर्चा वजूद में आ सकता है। उन्हीं की पार्टी की नेता आतिशी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बुढ़ापे को बनाएं सार्थक



संकलित
दर्शन

जीवन का संध्याकाल यानी, बुढ़ापा अधिकतर लोगों के लिए दुखदायी होता है। मानव जीवन का यह पड़ाव बहुत मुश्किलों भरा और चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हर इंसान को इसे भोगना पड़ता ही है। बेहतर है हम अपने जीवन को अभी से बेहतर बनाएं तभी बुढ़ापे को सार्थक बना पाएंगे। लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। आप घड़ी के तीन कांटे देखना, सेकंड का कांटा बचपन का प्रतीक है जो बहुत तेज भागता है। मिनट का कांटा जवानी का प्रतीक है जो बचपन से थोडा धीरे चलता है लेकिन काम करता दिखता है। घंटे का कांटा बुढ़ापे का प्रतीक है जो चलता हुआ दिखता तो नहीं, लेकिन फिर भी चलता है। बचपन और जवानी तो जल्दी भागती है बुढ़ापा धीरे धीरे खिसकता है। जवानी को लाख बचाना चाहो पर वह बचती नहीं, लाख दवाएं खा लो कि, बबुढ़ापा ना आए लेकिन बुढ़ापा तो आता ही है। सफेद बाल काले कर सकते हो फिर भी बुढापा नहीं रुकता। प्लास्टिक सर्जरी भी करा लो तो भी बुढ़ापा निश्चित आएगा। परिवार में सुखी रहना है तो बुढ़ापे में बहू और बेटों के बीच ज्यादा हस्तक्षेप मत करो। ज्यादा हस्तक्षेप करने से परिवार के लोग टूटने लगते हैं और मन भी अशांत होने लगता है। बुढ़ापा यदि सुख से गुजारना है तो अपने घर को अपना घर न समझकर पड़ोसी का घर समझो। जो व्यवहार अपने पड़ोसी से करते हैं वही अपने बेटे-बहू से करो, समय पर भोजन मिले चुपचाप भोजन कर लो, बाकी समय हरि का भजन करो।

## पूजा-अर्चना और ईश्वर शरणागति



संकलित
प्रेरणा

बेशक मूर्तिपूजा का अपना महत्व है। लेकिन चित्रकारों ने कल्पना करके भगवान का जो चित्र बनाया और उस चित्र पर से चित्र लेकर जो फोटो छपे और हमारे घर आये, क्या केवल उस फोटो के पैर पकड़ के बैठना भगवान की शरण है? बिना किसी भावना के अपने स्वार्थ के लिए या केवल दिखावे के लिए, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ है। हमें चिंतन करना चाहिए कि भगवान की किसी धातु से अथवा पत्थर से बनी हुई मूर्ति अथवा यरूसलेम में रखे हुए उस पत्थर को पकड़ के आलिंगन करके बैठना खुदा की शरण है क्या, भगवान की शरण है क्या? अगर मूर्ति के पैर पकड़ के बैठना या श्रीविग्रह के पैर पकड़ के बैठना ही भगवान की शरण है तो पकड़ ले पैर, छुट्टी हो जाय, कल्याण हो जाय। कई महान संत एकांत में अंतर्यामी ईश्वर से वार्ता, ईश्वर-चिंतन, ईश्वर-पुकार करते-करते शांत हो गये तो उन संत को मानो उस सच्चिदानंद ने, उस परमेश्वर ने, उस गुरुतत्त्व ने, जिसमें उनकी स्थिति हुई, यह स्फुरना दिया कि एक संकल्प उठता है और दूसरा उठने को है, इसके बीच की जो संकल्परहित स्थिति है, वह सच्चिदानंद है। उस सच्चिदानंद में विश्रांति करना ईश्वर की शरण है। सुख और दुःख चले जाते हैं फिर भी जो नहीं जाता, उसमें स्थिति करना- यह ईश्वर की शरण है। अनुकूलता में हर्ष होता है और प्रतिकूलता में शोक

## सटाका




## आज की पाती

### हिंदी किसी भी भाषा की विरोधी नहीं

हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति एवं परम्परा की झलक मिलती है। हिंदी का विरोध समय समय हुआ ही है। देश के विभाजन के बाद देश की मुख्य समस्या राष्ट्र की भाषा के लिए वाद-विवाद हुए। अंततः हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित की गई। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी के खिलाफ दिए गए बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय भाषा देश को तोड़ने का नही,बल्कि जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होनें कहा कि किसी भी देश की चेतना एवं अपनी संस्कृति की और आगे बढ़ने के लिए सरकार का संचालन मातृभाषा में ही करना चाहिए। हिंदी केवल भारत मे ही नही कई देशों में बोली जाती है। भारतीय हिंदी भाषी हर भाषा का का सम्मान करता है। देश मे अनेक भाषा बोली जाती है। और समझी भी जाती है लेकिन किसी भी राज्य की भाषा को किसी को ऐतराज नहीं है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत करेगा मेजबानी



यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। अहमदाबाद आयोजन स्थल रहेगा।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जय जगन्नाथ



श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी को सुख, अच्छा स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करें। सभी भक्तों को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ !
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### अशोक गहलोत की राजनीति



अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। इससे स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।
-गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### विशेष 'सेवा-पथ'



लोककल्याण की भावना ही सनातन धर्म की आत्मा है और यही भावना आज पुरी की पवित्र रथयात्रा में फिर प्रकट हुई। रथ यात्रा के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एम्बुलेंस के लिए विशेष 'सेवा-पथ' बनाया है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

## करंट अफेयर

### सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराने के फैसले से सहमति



ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर बृहस्पतिवार को सहमति जताई, जिसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस मामले से ब्राजील और अमेरिकी सरकार के बीच संबंध अस्थिर हो गए हैं। फैसले के आलोचकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर प्लेटफार्म पहले से ही ऐसी सामग्री हटा देते हैं तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा निर्णय प्रकाशित किए जाने के बाद, लोग गैर-कानूनी सामग्री डालने और पीड़ित द्वारा ध्यान में लाए जाने के बाद भी उसे हटाने से इनकार करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर मुकदमा कर सकेंगे। न्यायालय ने इस बारे में कोई ठोस नियम नहीं बनाए कि कौन सी सामग्री अवैध है।

## ऑफ बीट

### ममदानी की जीत से न्यूयॉर्क की राजनीति में आया भूचाल



न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है। 'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर लंबे समय से नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। श्रीनिवासन ने कहा, "यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

-शहर के विधिक इतिहास में पहली बार हाईकोर्ट व जिला बार एसोसिएशन ने किया संयुक्त आयोजन

# मुझे आज एकदम बिटिया की विदाई जैसी फीलिंग आ रही है : जस्टिस संजय द्विवेदी

## -हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में आयोजित हुआ विदाई समारोह : जस्टिस द्विवेदी बोले-जहां वकालत के बाद न्याय-दान किया, वहां से विदाई बेहद भावुक करने वाली

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी ने कहा कि जहां वकालत की शुरुआत के बाद न्याय-दान भी करने का सौभाग्य मिला, वहां से विदाई बेहद भावुक करने वाली है। एकदम बिटिया की विदाई जैसी फीलिंग आ रही है। वे अपने सम्मान में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली सभागार में आयोजित विदाई समारोह में भाव व्यक्त कर रहे थे। दरअसल,नगर के विधिक इतिहास में यह पहली अवसर था, जब हाईकोर्ट व जिला बार एसोसिएशन ने किसी जज की सेवानिवृत्ति पर संयुक्त विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी मंचासीन थे।



### सभी युवा वकील खूबे परिश्रम करें :

जस्टिस द्विवेदी ने युवा अधिवक्ताओं के लिए संदेश दिया कि वे खूब परिश्रम करें। ऐसा करने से प्रगति होगी। अपने पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए केस से जुड़ी सभी बारीकियों का अध्ययन करना चाहिए। न्यायदृष्टांत रेखांकित करना चाहिए। इससे जीत सुनिश्चित होती है।

### अन्य वक्ताओं ने संस्मरण सुनाए :

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने न्यायमूर्ति द्विवेदी के कार्यकाल को अविस्मरणीय निरूपित किया। वहीं अन्य वक्ताओं ने न्यायमूर्ति द्विवेदी से जुड़े संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम का संचालन हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, संयुक्त सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रवींद्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसोरिया व स्मिता केहरी उपस्थित थे।

## पत्नी ने प्रेमी से मिलकर कराई थी पति की हत्या, तीन को उम्रकैद

**जबलपुर।** जिला अदालत ने प्रेमी से मिलक पति की हत्या कराने वाली पत्नी सहित तीन को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशेष बात यह है कि कोर्ट ने आरोपी प्रेमी को साजिश, हत्या व एससीएसटी एक्ट के तहत तिहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मझगवां थानांतर्गत 2022 में यह जघन्य हत्याकांड हुआ था। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी ) गिरीश दीक्षित की कोर्ट ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया। अभियोजन के अनुसार, मझगवां थानांतर्गत जय कुमार चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भतीजा मृतक आशीष चौधरी राजमिस्त्री का काम करता था। 24 सितंबर 2022 की शाम करीब 06 बजे साप्ताहिक बाजार के लिये खरीदारी करने ग्राम कुम्ही आया था। करीब शाम 07:15 बजे उसने शराब दुकान के पास अपने भतीजे आशीष चौधरी को देखा था। वह शराब दुकान के सामने मेन रोड पर गांव के धर्मेन्द्र उर्फ धिन्नु पटेल एवं अमित उर्फ चालीसा के साथ खड़ा होकर बात कर रहा था। उसके बाद उसका भतीजा आशीष अपनी मोटर साईकल से तथा धर्मेन्द्र एवं अमित दूसरी मोटर साईकल से परसेल की तरफ चले गये थे। 25 सितंबर 2022 को उसे जानकारी लगी कि आशीष की लाश कूर बाबा भटिया के पास मिली है। उसने देखा तो आशीष के सिर के बायें तरफ चेहरे में खून लगा था गले में गमछा लिपटा खून बह रहा था, पास में आशीष की मोटर साईकल पड़ी थी। उसे देखकर ऐसा लगा कि जैसे किसी ने पत्थर मारकर सिर में चोट पहुंचाकर आशीष की हत्या कर दी है। फरियादी के संदेह के आधार पर आरोपीगण से पूंछताछ की गई। पूछताछ में धर्मेन्द्र ने मृतक आशीष की पत्नी मनीषा उर्फ साधना से उसके अवैध संबंध होना स्वीकार किया। उसने बताया कि इसकी जानकारी मृतक को लग जाने पर मृतक द्वारा साधना को परेशान किया जा रहा था। जिसके कारण साधना के कहने पर आरोपी धर्मेन्द्र द्वारा अपने दोस्त अमित उर्फ चालीसा पटेल के साथ मिलकर आशीष चौधरी को बुलाकर उसे शराब पिलाई। बाद में सिर में पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी। शव एवं उसकी मोटर साईकल को गढढे में फेंककर उसकी हत्या को एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की। मृतक के मोबाईल को हिरन नदी में फेंक दिया एवं घटना की जानकारी फोन के माध्यम से साधना को दी। प्रथम दृश्टया आरोपीगण के विरूद्ध अपराध किया जाना पाये जाने से थाना मझगवां में धारा 302, 201/34, 120बी, 109 भादवि, 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। प्रकरण में प्रस्तुत वैज्ञानिक साक्ष्य(सकरात्मक बायोलॉजिकल रिपोर्ट, डीएनए रिपोर्ट, अगुल चिंह विशेषज्ञ की रिपोर्ट),



# स्टेशन में अवैध फूड सप्लाई गिरोह का भंडाफोड़

## आरपीएफ और फूड विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से ट्रेनों में खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बलऔर खाद्य विभाग की टीम ने संयुक्त छापामार कार्रवाई की। इस दौरान 9 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया और एक बेस किचन को सील कर वहां से बड़ी मात्रा में खाना बनाने और पैक करने की सामग्री जब्त की गई।कार्रवाई की शुरुआत एक गुप्त सूचना के आधार पर हुई, जिसमें बताया गया कि सिविल लाइन स्थित हेड पोस्ट ऑफिस के पास एक बेस किचन से अवैध रूप से ट्रेनों में खाना सप्लाई किया जा रहा है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के नेतृत्व में गठित टीम ने स्टेशन पर दबिश देकर 9 वेंडरों को पकड़ा, जो बिना लाइसेंस यात्रियों को खाना बेचते पाए गए।

जांच के दौरान पकड़े गए वेंडरों ने खुलासा किया कि वे जियाउल हक मंसूरी उर्फ रिंकू द्वारा संचालित बेस किचन से खाना लेकर ट्रेनों में यात्रियों को बेचते थे, और इसके बदले कमीशन प्राप्त करते थे। इस बयान के बाद फूड इंस्पेक्टर मधुरी मिश्रा और सिविल लाइन थाना पुलिस की मौजूदगी में बेस किचन पर छापा मारा गया।

कार्यवाही में 3 गैस सिलेंडर, 2 गैस चूल्हे, 5 बड़े भगोने, प्रेशर कूकर, स्टील टंकी, बिरयानी पैकिंग मशीन, मसाला चक्की, खाना पैक करने की मशीनें जप्त की गईं वहीं. इसके अतिरिक्त, फूड इंस्पेक्टर द्वारा लिए गए सैंपल और दस्तावेज़ों की जांच में पाया गया कि वहां मौजूद फूड लाइसेंस अमान्य है।आरपीएफ ने जियाउल हक मंसूरी उर्फ रिंकू, विनायक रजक समेत सात लोगों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 144, 137 व 145 के तहत केस दर्ज किया है। जिनपर मामला दर्ज हुआ उन्हें अभिषेक वर्मा, मोहन कुशवाहा, हिमांशु जायसवाल, संदीप साकेत, प्रदीप रजक, गणेश प्रसाद, कृष्ण कुमार कोल, लखन लालवानी, विकास बनासी, आकाशपुरी के नाम भी शामिल हैं।

# गर्भवती की ऑपरेशन के बाद प्रसूति उपरांत अत्यधिक ब्लीडिंग से मौत

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी और लापरवाही के चलते आम लोगों की जान मुश्किलों में पड़ रही है। यहां संजीवनीनगर क्षेत्र में एक पुलिस आरक्षक की गर्भवती पत्नी की ऑपरेशन के बाद प्रसूति उपरांत अत्यधिक ब्लीडिंग हो जाने से मौत हो गई।

बताया गया है कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा की रहने वाली प्रतीक्षा कौरव नाम की महिला को प्रेगनेंसी के दौरान संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के धनवंतरी नगर क्षेत्र के जैन नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां गर्भवती महिला को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया महिला ने बच्चों को जन्म देने के बाद अस्पताल की लापरवाही के चलते उस महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही की आरोप लगाए हैं।

शहर के गढ़ा थाने में पदस्थ

**मृतिका के परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप**

पुलिस आरक्षक यशवंत कौरव नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा क्षेत्र का निवासी है उसकी 27 वर्षीय पत्नी प्रतीक्षा गौरव गर्भवती थी जिन्हें डिलीवरी के लिए जैन नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों के द्वारा महिला की डिलीवरी के लिए ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया लेकिन बच्चे को जन्म देने के बाद डॉक्टर ने मां को मृत घोषित कर दिया वही यशवंत ने अस्पताल और डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मौत का कारण बताया है जहां इस घटना के बाद यशवंत और उनके परिजनों ने इसकी शिकायत धनवंतरी नगर चौकी में की है जहां पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी

परिजनों ने बताया कि प्रतीक्षा पहले से एक बच्चा है उसके बाद वही दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थी परिजनों के द्वारा प्रतीक्षा जैन नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था बच्चों को जन्म देने के बाद प्रतीक्षा की ब्लीडिंग ज्यादा हो जाने से उसकी मौत हो गई परिजनों ने बताया कि डॉक्टरों की लापरवाही की चलती उनकी बहू की मौत हुई है वहीं परिजनों ने पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर से ऐसे डॉक्टरों और अस्पतालों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## कालोनाईजरों पर नगर निगम द्वार लगातार कार्रवाई जारी

**जबलपुर।** नगरीय निकाय सीमा में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाईजरों पर लगातार नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने कड़े निर्देश प्रदान किये थे। कार्रवाई के संबंध में कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि त्रिपुरी वार्ड क्रमांक 03 मौजा पुरवा खसरा नं. 774/2 की भूमि पर शास्त्री नगर चौराहे के पास श्रीमती कमला बाई पटैल पति लक्ष्मण रणधीर सिंह द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था, जिसे नगर निगम के कॉलोनी सेल द्वारा आज ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर अवैध कॉलोनी निर्माण करने वालों को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था, परन्तु उनके द्वारा कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके कारण उक्त भूमि के अवैध विकास कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के समय कॉलोनी सेल के उपयंत्री मनोज तिवारी, समयपाल नीतेश जैन, मुकुल तिवारी, अतिक्रमण शाखा दल प्रभारी चन्ना कोरी एवं बृजकिशोर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# संग्राम सागर जल प्रबंधन की अद्भुत विरासत

**जबलपुर।**

वीरांगना रानी दुर्गावती गोंडवाना क्षेत्र में जल प्रबंधन के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य की है। उनके जल प्रबंधन के विरासत से 461 साल बाद भी लोगों को पीने के लिए पानी तथा फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है। वीरांगना रानी दुर्गावती ने जल प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं, जिनमें उन्होंने तालाबों व जलाशयों का निर्माण किया। जल संचय के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाया, जिसके कारण उनके द्वारा निर्मित जलाशयों के पानी जब ओव्हर फ्लो होता था तो स्वमेव दूसरे जलाशय में चला जाता था। जल प्रबंधन के उनके इंटरकनेक्टेड सिस्टम अद्भुत है। कहा जाता है कि उन्होंने जबलपुर में 52 जलाशयों का निर्माण किया था, जिसमें संग्रामसागर, रानीताल, आधारताल, मढ़ोताल, चेरीताल, सूपाताल, हनुमानताल आदि अनेक जलाशय थे। जो तत्समय के विशिष्ट लोगों के नाम से आज भी विख्यात हैं।

**461 साल बाद भी लोगों को पीने के लिए पानी तथा फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिल रहा**



संग्राम सागर उन्होंने अपने ससुर संग्राम शाह के नाम से सुंदर पहाड़ियों के बीच में बनवाई थी। जिसे जबलपुर का एयरकंडीशनर भी कहा जाता है। यह सुंदर जलाशय एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में शहर के मध्य स्थित है। चूंकि पहाड़ियों के बीच होने से इस क्षेत्र में कई प्रजातियों की पक्षियां देखने को मिल जाती है। साथ ही एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में अपना स्थान बना चुका है। संग्राम सागर को पहले जैसे उसके वास्तविक स्वरूप में लाने के लिए शहर के जागरूक लोगों ने सार्थक प्रयास किया और उस विरासत को नए स्वरूप में लाया गया। संग्राम सागर के पुनर्जीवन से वहां साल भर पर्याप्त पानी रहता है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग जाते हैं। संग्राम सागर वाकई जबलपुर के अद्भुत सौंदर्य से युक्त भरा पूरा तालाब है। इसकी सुंदरता के लिए स्थानीय प्रशासन के प्रयास ने भी चार चांद लगा दिया है।

# संगठन सृजन अभियान में हो रही भविष्य की पहचान

**जबलपुर।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक रवि बहादुर सिंह ने यहां कहा संगठन सृजन अभियान के दौरान ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है जो भविष्य में ब्लॉक अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रवक्ता या प्रदेश स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा, यह केवल एक राजनीतिक पुनर्गठन नहीं, बल्कि नेतृत्व तैयार करने की जिम्मेदारी है। गौरतलब है की कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक संवाद और बैठकें आयोजित की गईं। जिसके बाद केंद्रीय पर्यवेक्षक रवि बहादुर सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए अभियान के उद्देश्यों, रणनीतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। यहां जिला प्रभारी विधायक रजनीश सिंह, डॉ. नीलेश जैन, वरिष्ठ नेता राजेंद्र मिश्रा सहित कई नेता इस अवसर पर मौजूद थे।

**नये नेतृत्व को तलाश रहे कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक**

### अभियान कोई औपचारिकता नहीं

केंद्रीय पर्यवेक्षक ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि इससे प्राप्त फीडबैक को सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश नेतृत्व को सौंपा जाएगा। उनका कहना था, “हम हर वर्ग से जुड़े महिलाओं, युवाओं, एससी-एसटी और ओबीसी समुदायों के लोगों से मिले और उनकी भावनाएं, अपेक्षाएं और सुझावों को गंभीरता से लिया गया।”

### 8 हजार कार्यकर्ताओं से संवाद

जिला ग्रामीण के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित बैठकों और रायशुमारी के बाद रवि बहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिनों जबलपुर ग्रामीण के 7 ब्लॉकों में करीब 7 से 8 हजार कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी हकीकत समझना, संगठन की कमजोरियों को पहचानना और उन्हें सुधारते हुए पार्टी को एक नई दिशा देना है।

### संवाद से संगठन निर्माण की दिशा में प्रयास

रवि बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा रायशुमारी कार्यकर्ताओं के मन की आवाज है, जिसे हम राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, इस अभियान का उद्देश्य केवल संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत करना ही नहीं, बल्कि नई नेतृत्व शक्ति की तलाश भी है।

# आर्मी ने शुरू किया ओल्ड ग्रांट बंगलों का सर्वे

**जबलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा कैंट क्षेत्रों के सिविल हिस्सों को निकटवर्ती नगर निकायों को सौंपने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस पहल के बीच, सेना ने जबलपुर कैंट के ओल्ड ग्रांट बंगलों और उनसे जुड़ी जमीनों की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। सुरक्षा की दृष्टि से शुरू किए गए इस सर्वेक्षण के जरिए सेना न सिर्फ संपत्ति की स्थिति का मूल्यांकन कर रही है, बल्कि अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर भी नजर रख रही है।आर्मी स्टेशन सेल के नेतृत्व में चल रहे इस ऑडिट अभियान में डिफेंस एस्टेट ऑफिस , मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस और कैंट बोर्ड के अधिकारी भी शामिल हैं। संभावित विवाद की स्थिति में पुलिस बल भी तैनात रहेगा। यह पहला मौका है जब सेना ने कैंट क्षेत्र के बंगलों की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने का निर्णय लिया है।जानकारी के अनुसार जबलपुर कैंट क्षेत्र में करीब 29 ओल्ड ग्रांट बंगले हैं, जिनमें से अधिकांश में सिविल लोग रह रहे हैं। कुछ बंगले जर्जर अवस्था में हैं या फिर पूरी तरह से खाली हो चुके हैं। इनमें से कुछ को सेना पहले ही अपने अधीन ले चुकी है, जबकि कई में अभी भी पुराने ग्रांटधारक या उनके परिवार निवासरत हैं।

### अवैध निर्माण और कब्जे की होगी जांच

सर्वे के दौरान टीम प्रत्येक बंगले में रह रहे परिवारों की पहचान करेगी, उनके दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड) की जांच की जाएगी और यह देखा जाएगा कि कहीं अवैध निर्माण या सब-लेटिंग तो नहीं की गई है। पूरी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, MES और कैंट बोर्ड की टीम ज़मीन के सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार नपाई करेगी ताकि यह पता चल सके कि कोई अतिक्रमण तो नहीं हुआ है।

### प्लाटिंग कर बेच दी गई जमीनें अब जांच के घेरे में

एक बड़ी चिंता की बात यह है कि कैंट क्षेत्र के कई बंगलों की खुली जमीनें कथित तौर पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेच दी गई हैं। सर्वे में यह भी उजागर किया जाएगा कि किसने किस हैसियत से जमीन पर कब्जा किया या निवास किया है। खास बात यह है कि इन लेनदेन में महज़ सौ-सौ रुपए के स्टांप पेपर का उपयोग किया गया है, जिससे अब जमीन बेचने वालों में खलबली मची है।



# गाय की पसली में फंसा चम्मच निकाला

**पशुचिकित्सा महाविद्यालय में सफल ऑपरेशन**

**जबलपुर।**

पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत पशु शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा गंभीर अवस्था में लाई गये एक गाय का सफल आपरेशन कर उपचार किया गया. डॉ आरके शर्मा ने बताया गत दिवस गौ सेवकों द्वारा एक गाय लाई गई, जिसमें नीचे की पसलियों में घाव बना हुआ था जिसमें से गोबर एवं चम्मच की डंडी बाहर आ रही थी. डॉक्टरों ने आपरेशन द्वारा उस चम्मच को निकाला और टझंके लगाए गये. कुलपति डॉ मंदीप सिंह ने बताया अब विश्वविद्यालय में पशुओं के लिये जटिल शल्य चिकित्सा भी उपलब्ध है।

## रथ खींचने आतुर दिखे भक्तगण

# रिमझिम फुहारों के बीच नगर का भ्रमण करने निकले भगवान



हरिभूमि सिहोरा

धर्म जागरण समिति के सिहोरा के तत्वावधान में रिमझिम फुहारों के बीच भगवान जगन्नाथ,बालभद्र एंव बहन सुभद्रा के साथ सिहोरा नगर भ्रमण पर निकले आस्था उमंग और उत्साह से सराबोर रथयात्रा सायंकाल करीब पांच बजे प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य स्वागत भी किया गया।

### लगे जय जय जगन्नाथ के नारे

भगवान को रथ में विराजमान कर बाबा शाला कटरा मोहल्ला से पूजन अर्चन के बाद भव्य रथ यात्रा प्रारम्भ हुई जो झंड़ा बाजार, कालभैरव चौक, सरावगी मोहल्ला, महावीर चौराहा, मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर निकली तथा बाबाताल में संपन्न हुई। सैकड़ों भक्त गण भगवान का रथ खींचने आतुर नजर आये आगे आगे बैंड बाजों के साथ गणमान्य नागरिक चल रहे थे उसके पीछे महिला पुरुष बच्चे सहित अन्य सभी भक्त गण जय जगन्नाथ के नारे लगाते चल रहे थे।

### जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ

*रथ से ही सभी को महाप्रभु का भात का प्रसाद वितरण किया जा रहा था। रिमझिम बारिश होने के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने पूरे रथयात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में दोनों तरफ श्रद्धालु भक्त गण खड़े थे जो दर्शन पाकर अपने आप को धन्य कर लेना चाहते थे। हर साल निकलने वाली इस ऐतिहासिक रथयात्रा का नगर में अपना एक अलग ही स्थान है जिसके दर्शन करने ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में भक्त गण सिहोरा आते है।*

## 10 मुहर्रम यौम-ए-आशूरा 6 जुलाई को

# मोहर्रम पर्व प्रारंभ इस्लामी नए साल की शुरुआत

हरिभूमि जबलपुर।

मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश, हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी ने ऐलान किया है कि इस्लामी नया साल हिजरी सन 1447 मोहर्रम माह से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 26 जून (29 जिलहिज्जा) को जबलपुर में आमतौर पर चाँद नज़र नहीं आया, लेकिन माहे मोहर्रम के चाँद देखे जाने की शहादत-ए-शरई मौसूल हुई है। लिहाज़ा, यह ऐलान किया जाता जाती है कि 27 जून, शुक्रवार (जुमा) को मोहर्रम की पहली तारीख थी और आगामी 6 जुलाई, रविवार को (10 मोहर्रम) यौम-ए-आशूरा है।

जबलपुर में मोहर्रम का पर्व हज़रत इमाम आली मुकाम के उर्स शरीफ के रूप में अकीदत के साथ मनाया जाता है। संस्कारधानी में मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबी भी सवारियां रखते हैं और मोहर्रम पर अपनी अकीदत पेश करते हैं। शहर में सभी धर्मों और समुदायों द्वारा सामूहिक रूप से शरीक होकर मनाए जाने वाले इस पर्व को पूरे देश में कौमी एकता की मिसाल कहा जाता है। मोहर्रम के मौके पर पूरे देश से लोग जबलपुर आते हैं।

### पहली तारीख पर इमामबाड़ों में हाज़िरी

शुक्रवार सुबह पहली तारीख के ऐलान के साथ ही इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की हाज़िरी का सिलसिला शुरू हो गया था और ध्वनि विस्तारकों पर शहीदी कलाम गूँजने लगे थे। इस दौरान जिक्रे शहादतेन का भी एहतेमाम किया जा रहा है।

### पहली मोहर्रम पर परचम कुशाई

पहली मोहर्रम पर शहर के नगर एवं उपनगर के इमामबाड़ों व बस्तियों में परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया. इसी कड़ी में बज्मे गुलशने मदीना नया मोहल्ला के संयोजन में आज हुसैन चौक में नमाज़-ए-मगरिब के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर बारगाहे इमाम आली मुकाम में सलातो सलाम पेश किया गया, जिसके बाद इस्लामी नए साल की दुआएं पढ़ी गईं। फतिहा ख्वानी के उपरांत लंगर तकसीम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मुबारक मौके पर हाफिज सिराजुल हसन, हाफिज मोहम्मद वारिश, हाफिज सलाउद्दीन और हाफिज मोहम्मद तारिक ने सौदाये कर्बला की शान में मनकबत पेश की । इस अवसर पर खालिद मुबीन, शाहिद मुबीन, पप्पू वसीम खान, तारिक राजा, बंटी खान, सलीम नूरी, नकी खान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। गढ़ा सुपाताल में हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा मुहर्रम की पहली तारीख, शुक्रवार (जुमा) रात 9 बजे इमाम हुसैन की याद में परचम कुशाई का आयोजन किया गया। यह आयोजन हर साल की तरह इस साल भी पूरी अकीदत और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में हसनी हुसैनी सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल मोनू, समर शाहरुख, सैफ खालिक, फैज सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग और नगर के विभिन्न इलाकों से आए लोग इकट्ठा हुए। सभी ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और शांति व सौहार्द का संदेश दिया।नया मोहल्ला, बंद कुआँ स्थित शहीदाने फिदाजाने हुसैन लंगर कमेटी द्वारा परचम कुशाई का आयोजन किया गया, नज़रों नियाज़ पेश की गई और छबील तकसीम किया गया! इस मौके पर पप्पू वसीम खान, इमरान शेख, अज्जू, अमजद खान, राजा, मुईद खान, छोटे अनवर, शाकिर, झब्बू इम्तियाज पटेल आदि मौजूद रहे।

### शिया समुदाय

मोहर्रम के महीने की शुरुआत के साथ ही शिया मुस्लिम समाज में ज़िक्रे शहादतैन का सिलसिला शुरू हो जाएगा इस मौके पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन किया जाएगा.सुबह 10 बजे, आनंद नगर स्थित दाउद अली इमामबाड़े में मजलिस होगी. दोपहर होते ही, जैदी विला और जाहिद हुसैन इमामबाड़े में महिलाओं के लिए विशेष मजलिसों का आयोजन किया जाएगा, जहाँ वे इमाम हुसैन की शहादत को याद करेंगी और अज़ादारी करेंगी. शाम 7:30 बजे, बाबुल मुराद में मजलिस होगी, जिसमें अकीदतमंदों की बड़ी तादाद मौजूद रहेगी. रात्रि में, गलगला स्थित शिया इमामबाड़े में एक खास मजलिस का इंतज़ाम किया गया है, जिसे लखनऊ से तशरीफ लाए मौलाना जाबिर अंसारी साहब संबोधित करेंगे. उनकी तकरीर सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे. इसके बाद, इमामबाड़ा तत्तू भाई और फाज़िल हुसैन में भी मजलिसें आयोजित की जाएंगी, जहाँ इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद किया जाएगा।

# एक जीवन बचाना एक विरासत बनाने के बराबर है : आशीष दुबे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास दास रोहाणी के 79वें जन्मदिवस के अवसर पर दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा जन्मदिवस सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस जबलपुर सांसद आशीष दुबे एवं मयंक श्रीवास्तव ने स्वर्गीय दादा रोहाणी के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि एक जीवन बचाना एक विरासत बनाने के बराबर है- एक नायक बनें, रक्तदान अवश्य करें हर व्यक्ति को जीवन काल में अपने रक्त का दान जरूर करना चाहिए।

शुक्रवार को ए.पी.एन. स्कूल, सदर में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर प्रातः 09 से 01 बजे दोपहर तक आयोजित किया गया जिसमें 75 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया और 788 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई आवश्यकता पड़ने पर जरूरत मंदों को रक्त प्रदान किया जावेगा।

इस अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, रिंकुज विज, डा. सुनील मिश्रा, सचिन जैन , माइकल प्रदीप कपूर, आशीष राव, मयंक श्रीवास्तव, सौरभ गोयल, अंशुमन शुक्ला, नीलेन्द्र चटर्जी, शेखर पिल्ले, सुंदर अग्रवाल, चमन रजक, हेमंत केशरवानी, कपिल पाण्डेय, श्याम कनौजिया, सुधीर शर्मा, दशरथ पिल्ले, ज्योतिराम रेड्डी, जय रोहाणी, राहुल पिल्ले, सोनू रजक, अंकित फ्रांसिस, रचित चैरसिया, श्रीमती कंचन शरण, श्रीमती गुड़यिा दयाल, श्रीमती लता रजक, प्रमोद बेन, आकाश मलिक, राकेश कलसिया, एलविस ग्रेसियस, अरूण कुशवाहा, आकाश लिंगम, अनिकेत कोटवार, श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा, हेमा महात्मा, रतन सिंग राजूपत, श्रीमती नीलम करोसिया, मदन बेलवंशी, भूपेन्द्र गौतम, विमल गोलछा, राजेश श्रीवास, डा. ऋषि बावरिया, अंकित पाण्डेय, समीर बमन, विनय रोहाणी, बंटी शिवहरे, श्रीमती राधा धामन, श्रीमती रूपा बावरिया, विकास बावरिया, बलराम बाल्मीक, संजय बावरिया सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एमपी पावर को मिले 2 कांस्य पदक

**जबलपुर।** तेलंगाना पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में पिछले दिनों हैदराबाद में आयोजित 47 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एमपी पावर की पुरूष टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। पुरूष वर्ग में एमपी पावर के पंकज साठे व सुमित अग्रवाल की जोड़ी ने पुरूष वर्ग की युगल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के व्यक्तिगत स्पर्धा में एमपी पावर की शीलू चतुर्वेदी व स्नेहलता पवार की जोड़ी युगल के सेमी फाइनल तक पहुंची। उन्हें प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान मिला। प्रतियोगिता में देश भर की 13 पावर यूटिलिटी की टीमों ने भाग लिया। पुरूषों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एमपी पावर ने अपने पूल में महाराष्ट्र ट्रांस्को को 3.1 और राजस्थान पावर प्रसारण कंपनी को 3.0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में एमपी पावर ने महाराष्ट्र जेनको को 3.1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में एमपी पावर का सशक्त गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड टीम से मुकाबला हुआ जहां एमपी पावर की टीम 3.0 से पराजित हो गई। तृतीय व चतुर्थ स्थान के लिए खेले गए मैच में एमपी पावर ने महाराष्ट्र वितरण कंपनी को पराजित कर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में एमपी पावर टीम का प्रतिनिधित्व पंकज साठे, सुमित अग्रवाल, अविनाश वर्मा, महेश बालोदी व हितेश परमार ने किया। एमपी पावर पुरूष टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी ने व्यक्तिगत मुकाबले में एकल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय राउंड तक अपने मैच खेले। एमपी पावर की महिला टीम का प्रतिनिधित्व श्वेता मंडलोई, आकांक्षा श्रीवास्तव, शीलू चतुर्वेदी, स्नेहलता पवार व संगीता रजक ने किया। महिला टीम की मैनेजर एमपी पावर महिला खेल प्रभारी रजनी धारणे थीं।

## सजकता एवं सतर्कता परखने जबलपुर मंडल में मॉकड्रिल

**जबलपुर।** जबलपुर मंडल के डुंडी- स्लीमनाबाद रोड खंड में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सिविल अर्थॉरिटी के आपसी समन्वय के संबंध में तथा घटना स्थल पर त्वरित पहुंचकर राहत कार्य करने बावत सजगता एवं सतर्कता की परख हेतु समपार 342/स्पेशल इंजीनियरिंग पर पिकअप एवं डम्पर की आपसी टक्कर में पिकअप पलटने तथा उसके नीचे 8 से 10 मजदूर दबने तथा गम्भीर चोटे होने के प्रकरण की नकली कवायद (मॉकड्रिल) का सीन क्रिएषन किया गया। समय 12:18 बजे समपार 342 के कार्यरत गेटमेन श्री संजय कुमार ने उपरोक्त घटना के संबंध में डूंडी स्टेशन पर कार्यरत स्टेशन मास्टर श्री पी.सी. रघुवंशी को सूचित किया गया। कार्यरत डूंडी के स्टेशन मास्टर द्वारा तुरंत खंड नियंत्रक जबलपुर तथा स्टेट अथारिटी को राहत एवं बचाव कार्य करवाने हेतु सर्व संबंधित को सूचित किया गया। इस संदर्भ मे घायलो के बचाव हेतु जबलपुर तथा एनकेजे से दुर्घटना राहत गाड़ी को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया तथा जबलपुर मंडल के नियंत्रक कार्यालय में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एडीआरएम, वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी, वरि. मंडल परिचालन प्रबंधक, वरि. मंडल इंजी/समन्वय आदि अधिकारी तत्काल पहुंचे तथा घटना स्थल पर सहायक मंडल इंजी./कटनी एवं सहायक मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/कटनी त्वरित गति से पहुंचे। इसके अलावा घटना स्थल पर संरक्षा, इंजीनियरिंग, सिगनल, टीआरडी,आर.पी.एफ, आदि विभाग के कर्मचारी पर पहुंचे , समय 13:11 बजे वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी द्वारा इस घटना को मॉकड्रिल घोशित किया गया। सजगता एवं सतर्कता आदि परखने के उद्देश्य में यह मॉकड्रिल सफल रही।

## समस्याओं के निराकरण के लिए हुआ संवाद

**जबलपुर।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अस्पताल भवनों, नर्सिंग होम्स में भवन निर्माण, पार्किंग, एम.ओ.एस., अग्निशमन से सम्बंधित मापदंडों के अनुपालन, कंपाउंडिंग और अग्नि सुरक्षा प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में शासन द्वारा जारी गाईडलाइंस के अनुरूप क्रियान्वयन करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाईयों के निराकरण के लिए संबंधित जनों से संवाद कार्यक्रम किया गया। संवाद कार्यक्रम के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि शासन द्वारा जारी गाईडलाइन एवं मापदण्डों के अनुरूप ही उपरोक्त सभी जगहों पर व्यवस्थाएँ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नितांत आवश्यक है। जिस पर अस्पताल संचालकों द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण हेतु निगमायुक्त द्वारा समस्त नर्सिंग होम्स एवं अस्पताल भवनों की अस्पताल संचालकों की उपस्थिति में भवन निर्माण तथा अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी विस्तृत जाँच किए जाने हेतु समस्त बी.सी.एम.ओ. तथा अग्नि शमन अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, बी.सी.एम.ओ. जागेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह कौरव, मनीष तड़से, अग्निशमन अधिकारी कुशाग्र ठाकुर, उपयन्त्री दिग्दर्श सिंह; स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. आदर्श विश्नोई तथा मध्यप्रदेश नर्सिंग होम्स एंड हॉस्पिटल्स एसोसिएशन से डॉ. अमरेन्द्र पांडे, डॉ. अविजित विश्नोई, डॉ. संजय नागराज, डॉ. अभिजीत मुखर्जी, डॉ. नवीन कोठरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ड्रायवर का अपहरण कर बंधक बनाकर पीटा

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत कछपुरा ब्रिज के पास साईड में खड़े ट्रक से एक क्रेटा कार के टकराने पर, कार में बैठे दो बदमाशों ने ट्रक ड्रायवर के साथ मारपीट की और अपहरण कर उसे एक कमरे में ले जाकर फिर से मारा पीटा और उखरी चौराहे के पास छोड़ दिया एवं रिपोर्ट करने पर जाने से मारने की धमकी दी। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीरा मोहल्ला करेली जिला नरसिंहपुर निवासी 53 वर्षीय ड्रायवर अनिल मेहरा शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे ट्रक क्रमांक एमपी 46 एच 0326 में बल्देवबाग से परचुन लोड करवा कर करेली जिला नरसिंहपुर जा रहा था उसके आगे रेखलाल इनवाती का ट्रक जा रहा था, कछपुरा ब्रिज के पास पहुॅचने पर उसने अपना ट्रक साईड में खड़ा कर दिया था। कछपुरा रेलवे फाटक तरफ से हाई राईडर क्रेटा कार क्रमांक एमपी 20 जेड डी 2090 को चलाते हुये आया और अपनी गाड़ी को बैक करते समय उसके खड़े ट्रक के पिछले चका से टकरा दिया, कार में बैठे दो लोग नीचे उतरे और उसके साथ गाली गलोज करते हुये उसके साथ मारपीट कर उसके माथा, सिर व पसली में चोटें पहुंचा दी। ड्रायवर अनिल मेहरा का साथी रेखलाल इनवाती बीच बचाव करने लगा तो रेखलाल के साथ भी मारपीट कर दिए जिससे रेखलाल को अंदरूनी चोटें आई है। मारपीट करने के बाद ड्रायवर अनिल मेहरा को कार में बैठाकर ले गये और एक कमरे में बंद कर उसके साथ फिर से मारपीट किये, वहां पर एक व्यक्ति और था जिसने उसके साथ भी मारपीट की उसके बाद तीनों उसे उखरी चौराहा पर गाड़ी से उतार दिये एवं थाना में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 127(2), 140(3), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बदमाशों ने 2 लाख की डिमांड पूरी न होने पर की वारदात

# पिता पुत्र पर चाकू से वार के बाद किया फायर

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत शर्मा कम्पाउंड गोरखपुर में स्कार्पियो खरीदने के लिए 2 लाख रुपए की मांग करने वालें बदमाश ने अपने साथियों के साथ एक पिता पुत्र पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए चाचा सहित पिता, पुत्र पर फायर कर दिया जिससे तीनों बाल बाल बच गए।

गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शर्मा कम्पाउंड गोरखपुर निवासी 31 वर्षीय पल्लव शर्मा गत रात अपने घर के बाहर अपने पिता अतुल शर्मा के साथ खड़ा था, तभी मोनू सबलोक अपने साथियों के साथ आया और उसके पिता से स्कार्पियो खरीदने के लिये 2 लाख रूपये की मांग करने लगा, उसके पिता ने किस बात के रूपये चाहिये कहा, तो मोनू ने चाकू से उसके पिता की जांघ व पेट पर हमला कर दिया। पल्लव ने बीच बचाव किया तो मोनू ने उसकी दोनों जांघों पर चाकू से हमला कर दिया। कम्पाउड के लोग बचाने आये तो मोनू सबलोक ने देशी कट्टे से पल्लव एवं उसके पिता अतुल शर्मा, चाचा अजीत शर्मा के उपर फायर किया, जिससे तीनों बाल बाल बच गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




## गांजा व नशे के इंजैक्शनों के सौदागरों पर प्रहार

**जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के बाद जबलपुर जिला पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ जमकर प्रहार किया। 12 जून से 26 जून के बीच 84 किलो गांजा और128 नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार किए। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि पिछले दिनों की गई कार्रवाई के दौरान गांजा तस्करी में लिप्त 11 आरोपी और नशीले इंजेक्शन बेचने के आरोप में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 84 किलो 865 ग्राम गांजा कीमती लगभग 16 लाख 97 हजार रूपये का एव 2 हजार 128 इंजेक्शन जब्त किए। मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूद्ध जबलपुर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## 296 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने ग्राम हीरापुर से चरगवॉ की ओर आ रहे प्लास्टिक टब बेचने वालें एक व्यापारी के पास से 296 पाव देशी शराब और बाईक जब्त की है। बताया गया है कि आरोपी टब बेचने की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करता है। चरगवां थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक प्यासी ने बताया कि प्रत्येक साप्ताहिक बाजार में प्लास्टिक टब बेचने वाला व्यापारी चांदमारी तलैया घमापुर निवासी 26 वर्षीय नवीन खताविया गत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 जेडटी 2291 में प्लास्टिक के टब बेचने के लिए घुघरी हीरापुर के जंगल व नहर के पास से आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर ग्राम हीरापुर से चरगवां की ओर आ रहे नवीन खताविया को पकड़ लिया। चैक करने पर मोटर सायकिल मे बीच मे रखे एवं दोनों तरफ लटके प्लास्टिक के टबों में 5 बोरी में 296 पाव देशी शराब और बाईक जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत 32 हजार 560 रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



**श्रीमति ममता पटेल-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री गोविंद पटेल की धर्मपत्नि श्रीमति ममता पटेल का निधन हो गया है। वे मुकेश पटेल, राकेश पटेल, शुभम पटेल, राजेश पटेल की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा आज शनिवार को उनके निज निवास से दोपहर 12 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री संजय गुप्ता-** होम साईंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता के पुत्र श्री संजय गुप्ता (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित कुमार भल्ला-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री ललित कुमार भल्ला (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्यारे लाल सेन-** न्यू रामनगर रामपुर निवासी श्री प्यारे लाल सेन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जमना बाई बेन-** नगर निगम क्वाटर्स चंडालभाटा निवासी श्री कन्छेदी लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई बेन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कलिया बाई-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री किशन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कलिया बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्रीमती रेखा जवरानी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री किशन चंद जवरानी की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा जवरानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई साहू-** रांझी मेन रोड निवासी श्री भोला प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई साहू (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज यादव-** शीतलामाई वार्ड पूर्वी घमापुर निवासी श्री मनोज यादव (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा बाई करियार-** गौरीघाट रेतनाका रोड भल्ला कॉलोनी निवासी श्री जीवन लाल करियार की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई करियार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई राजपूत-** लालमाटी निवासी श्री गंगाराम राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई राजपूत (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्रीमती शीला गोस्वामी-** राजीव नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री नंदलाल गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला गोस्वामी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा-** न्यू शारदा कॉलोनी कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामपाल विश्वकर्मा-** ललित कॉलोनी घमापुर निवासी श्री रामपाल विश्वकर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज केवट-** करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री बाबू लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज केवट (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजरानी तिवारी-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम मिलन तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी तिवारी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303808294, 9407362100

# मुख्यमंत्री ने कहा, टेक्निकल फॉल्ट को दुरुस्त करने के बाद ही होगा आरओबी का लोकार्पण

### राजधानी के ऐशबाग आरओबी के 90 डिग्री मोड़ का मामला

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी के ऐशबाग रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पहली बार बयान सामने आया है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि ऐशबाग आरओबी के निर्माण में हुए टेक्निकल फॉल्ट को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। उन लोगों को चिंह्नित भी किया जा रहा है, जो ब्रिज को बनाने के जिम्मेदार हैं। टेक्निकल फॉल्ट दूर करने के बाद आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा और जवाबदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।






### मंत्री राकेश सिंह ने भी जांच कराई

ऐशबाग आरओबी अपने 90 डिग्री एंगल के मोड़ से पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। इसकी अनोखी डिजाइन को लेकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी जांच कराई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने इसकी जांच की। जिसमें टर्निंग होने की वजह से बड़ा हादसा होने की संभावना जताई। ऐशबाग ब्रिज की डिजाइन सोशल मीडिया पर भी जमकर ट्रोल हो रही है और इसके मीम्स तक बन रहे हैं। हालांकि यह ब्रिज टूटेगा नहीं, सिर्फ इसकी टर्निंग सही की जा रही है।

## मेट्रो शुरू करने की तैयारी, पुल बोगदा सड़क बंद होने से बढ़ी परेशानी

दो साल पिछड़ा भोपाल मेट्रो के काम को अब सितंबर माह में पूरा करने की कोशिश देखी जा रही है, जिसके तहत मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य रोजाना निरीक्षण कर समीक्षा कर रहे हैं। जिसके तहत गुरुवार को एमडी ने एम्स, अलकापुरी और डीआरएम आफिस मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने स्टेशन के सिस्टम रूम्स, कंट्रोल रूम, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रसाधन और सुंदरीकरण के काम देखे। उन्होंने कहा कि जहां मेट्रो का निर्माण कार्य पूरा हो रहा है, वहां सड़क निर्माण भी साथ में कर दिया जाए।

### विधायक मसूद ने दोपहिया वाहनों के लिए दिन में रास्ता खोलने की रखी मांग





#### सड़क बंद होने पर भड़के विधायक

*मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद भी मेट्रो का मनमर्जी से चल रहे काम को लेकर अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि पुल बोगदा मार्ग पूर्ण रूप से बंद करने की वजह से स्कूल के बच्चे और मरीजों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि कम से कम इतना मार्ग खोला जाए कि दो पहिया वाहनों की आवाजाही हो सके।*

#### चार किलोमीटर का लगाना पड़ रहा चक्कर

*पुल बोगदा क्षेत्र में मेट्रो के काम की वजह से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोग तीन से चार किलोमीटर का चक्कर लगाने पर मजबूर हैं। विधायक ने मेट्रो अधिकारियों से कहा कि दिन में दोपहिया वाहनों के लिए रास्ता खोला जाए। स्कूली बच्चे, अभिभावक और मरीजों को खासी दिक्कत हो रही है।*

## खबर संक्षेप

### सभ्य-शिक्षित समाज में नशे का स्थान नहीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। डॉ. यादव ने कहा कि यह दिन समाज को सतर्क एवं जागरूक करता है कि नशा नाश की जड़ है। सभ्य, उन्नतशील व शिक्षित समाज में इसके लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से कहा कि नशामुक्त समाज और प्रदेश को नशामुक्त बनाने के प्रयासों को गति देने में सभी सहयोग करें।

### वन मंडल दैवेभो को मिलेगा एरियर्स

**भोपाल।** सामान्य वन मंडल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों को 11 माह के अंतर राशि का एरियर्स भुगतान करने का निर्णय समिति ने लिया है। एरियर्स का भुगतान जुलाई में सामान्य वन मंडल करेगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि श्रम आयुक्त ने प्रदेश के श्रमिकों के वेतन में अप्रैल 2024 से 2225 रुपए की वृद्धि की थी, लेकिन न्यायालय में मामला होने के कारण वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाया था। बाद में न्यायालय ने श्रमिकों के पक्ष में फैसला देते हुए वेतन वृद्धि को उचित मानते हुए भुगतान करने के आदेश दिए थे। कर्मचारी मंच ने भोपाल वन मंडल सामान्य के वन मंडला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एरियर्स भुगतान की मांग की थी।

### रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बाद प्राकृतिक खेती का विचार

# प्राकृतिक-रासायनिक फसलों के उपार्जन के लिए मंडियों में होगी अलग-अलग व्यवस्था

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल' कार्यक्रम को अद्भुत व प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि जिस प्रकार नमस्कार का असली महत्व कोविड के बाद समक्ष आया, ठीक इसी प्रकार प्राकृतिक खेती का विचार रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बाद आ रहा है।

उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं खेती की है, जिसमें रासायनिक खादों के उपयोग की आदत नहीं थी पश्चिम आधारित सोच के कारण कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग बढ़ा। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती और रासायनिक खेती से उत्पादित फसलों के उपार्जन के लिए मंडियों में दो तरह की व्यवस्था करने को कहा, जिससे उत्पादित फसलों के उपभोग में कठिनाई न आए। डॉ. यादव गुरूवार को जबलपुर के मानस भवन में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी संबोधित किया।

### प्राकृतिक खेती जीवन के लिए वरदान : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

**खास बातें**

- कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग बढ़ा
- जबलपुर के मानस भवन में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम हुआ आयोजन



**रासायनिक खादों के दुष्परिणाम की जानकारी दी**

राज्यपाल देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती जीवन के लिए वरदान है। फसल के नाम पर रासायनिक खादों का उपयोग बंद करें, क्योंकि इससे कृषि मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। जिससे धरती की उर्वराशक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने रासायनिक खादों के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी किसानों से कहा कि रासायनिक खेती हानिकारक है और किसान प्राकृतिक खेती अपनाए और प्रकृति से जुड़े। राज्यपाल आचार्य ने मंत्री राकेश सिंह के विशेष प्रयासों से आयोजित 'प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल' कार्यक्रम की सराहना की।

### आचार्य ने बताया प्राकृतिक एवं जैविक खेती में अंतर

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के दुष्परिणामों को देखते हुए उन्होंने सबसे पहले 5 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती शुरू की थी। जिसमें प्रथम वर्ष की तुलना में गुणात्मक रूप से ज्यादा फसल की पैदावार प्राप्त हुई। वे लगातार प्राकृतिक खेती कर रहे हैं बल्कि बेहतर उत्पादन भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताकर प्राकृतिक खेती अपनाने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती में अंतर भी बताया। देवव्रत ने कहा कि जिस प्रकार जंगल में बिना खाद पानी दिए जंगली पेड़ भरपूर फसल देते हैं, उसी प्रकार का नियम प्राकृतिक खेती में भी लागू होता है। प्रकृति अपने इकोसिस्टम से हर चीज को नियंत्रित कर अपने मूल स्वरूप में ला देती है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होते।

### प्राकृतिक खेती करें किसान बंधुः मंत्री राकेश

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति अन्नदाताओं के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के संबंध में जोर देते हुए कहा कि किसान बंधु प्राकृतिक खेती करें। कार्यक्रम में कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे उपस्थित थे।

### प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए बनाएं योजनाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय ज्ञान के प्रति बढ़ते रूझान को देखते हुए गौ-पालन के लिए गौशाला बनाए जा रहे हैं, जिसके उत्पाद से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती की बड़ी संभावना है। उन्होंने कृषि मंत्री से कहा कि प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए योजनाएं बनाएं, वे निश्चित रूप से इसे लागू करेंगे। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन अभी 9 प्रतिशत है, इसे 25 प्रतिशत तक ले जाएंगे। उन्होंने गाय के दूध के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के नाम एक चौपाल कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का हार्दिक स्वागत व आभार व्यक्त किया और कहा कि आचार्य देवव्रत ने अत्यंत सरलता से प्राकृतिक खेती के विषय को समझाया है।*

### सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक कदम

## सुकमा-दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों को मिलेगी रेल कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में विकास की गाड़ी अब तेजी पकड़ रही है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल (छत्तीसगढ़) तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है।

इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। यह रेललाइन परियोजना गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से मॉनिटर की जा रही है, और इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया है, जिनके निर्देशों और समन्वय से यह सर्वे कार्य पुनः गति पकड़ सका। यह रेलमार्ग भविष्य में बस्तर अंचल के लिए सुरक्षा, समावेशन और समृद्धि का प्रतीक बनने जा रहा है।

## हीमोग्लोबिन टेस्ट में जिले ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

▸▸ गौरेला पेंड्रा मरवाही



हीमोग्लोबिन टेस्ट में जिले ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। जो गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का नाम एक दिन में 51727 महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट 13 से 47 साल की सभी महिलाओं के रक्त परीक्षण को लक्ष्य में रखकर चलाया गया अभियान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का संयुक्त अभियान, नामिक महिलाओं के लिए जिले में अब अलग से बनाई जाएगी कार्य योजना। गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रमुख ने पहुंचकर कलेक्टर को सम्मान दिया।

### मानव अधिकार आयोग ने की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी मांगा

## सड़क के बीचों-बीच खुले बिजली के तार, एमडी को जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के पीएनटी कॉलोनी के मायाराम स्मृति भवन के पास सड़क के बीचो-बीच बिजली के तारों के खुले पड़े होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बीते सोमवार को शहर के एक इलाके में खुले ट्रांसफार्मर एवं तारों की चपेट में आने से एक लोडिंग वाहन चालक की मृत्यु हो गई थी, वहीं विगत 31 मई का एक 11 साल के बच्चे की भी खुली डीपी की चपेट मे आने से मृत्यु हो गई थी। खुले पड़े बिजली के तारों एवं ट्रांसफॉर्मर से शहर में आए दिन कई घटनाएं हो रही हैं, इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने एमडी, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

### पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला

## अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

- मुंह और नाक से निकल रहा था खून



रायगढ़ जिले में श्याम इस्पात के सामने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में खून से सनी लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में स्थित श्याम इस्पात गेट के सामने सुबह तकरीबन 9 बजे के आसपास एक अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में मिला जिसके मुंह और नाक से खून बह रहा था। युवक को तत्काल रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया जहां प्रारंभिक जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक के शव को मुर्चरी में रखवाते हुए पुलिस उसकी शिनाख्त में जुट गई है। मृतक युवक की शिनाख्त के लिये जब उसके जेब की तलाशी की जा रही थी इस दौरान पुलिस को किसी युवती का आधार कार्ड बरामद हुआ है और यह आधार कार्ड मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले की किसी महिला का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बैरसिया नपा के वार्ड 9 के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में

## फर्जी जाति प्रमाण-पत्र से पार्षदी गंवाने वाली शबाना की सीट पर सात जुलाई को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

फर्जी जाति प्रमाण-पत्र लगाकर चुनाव लड़ने के मामले में अपनी पार्षदी गंवाने वाली शबाना पुत्री इकबाल की सीट पर सात जुलाई को मतदान होगा। जिसके लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म दाखिल किए, जिसमें से शाहीन बी और नीलोफर ने बैरसिया नगर पालिका वार्ड-7 के पार्षद पद के लिए नाम वापस ले लिया है।

अब चुनाव मैदान में कांग्रेस से आफरीन, भाजपा से शाइस्ता सुल्तान और निर्दलीय के रूप में फरीदा अहमद चुनाव लड़ेंगी। यहां मतदान के बाद दस जुलाई को मतगणना की जाएगी। चार अप्रैल को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शिकायत के आधार पर कांग्रेस समर्थित पार्षद शबाना का जाति प्रमाण पत्र रद्द करते हुए पार्षद पद से हटा दिया था। जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने तीन महीने बाद सात जुलाई को पार्षद पद के लिए मतदान करने की तारीख तय की, जिसके आधार पर गुरुवार को नाम वापसी के दिन दो उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिए। अब चुनाव मैदान में भाजपा, कांग्रेस और एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहेंगी।

### दस्तावेजों में मिली थी गड़बड़ी

*एसडीएम टीटी नगर ने जब शबाना के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र की जांच की गई तो उसमें पता चला कि बागसेवनिया के जिस स्कूल का स्कॉलर नंबर दिया गया था, उस पर दूसरे का नाम मिला। इसके साथ शबाना ने गैस क्लेम का अंतिम आदेश की कॉपी पेश की थी, जिसकी जांच में पता चला कि इस क्रमांक पर शबाना की जगह शुभम अवस्थी का नाम दर्ज है। जिसके आधार पर जाति प्रमाण पत्र को फर्जी माना गया है।*

### तीस को मिलेगी मतदान दलों को ट्रेनिंग

*नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7 के पार्षद पद का चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने जनपद पंचायत बैरसिया के सभाकक्ष में 30 जून को सुबह 11.30 बजे मतदान दलों को प्रशिक्षण देने मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने प्रशिक्षण में ईवीएम सहित अन्य जरूरी बातों की ट्रेनिंग के आदेश जारी किए हैं।*

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल हुए राज्यपाल-सीएम, कहा

## भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से खुशहाली की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई। राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी ने श्री जगन्नाथ जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष विधि-विधान के साथ महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई।

रथ यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर से रथ तक लाया गया और मार्ग को सोने की झाड़ू से स्वच्छ किया गया। इस परंपरा को छेरापहरा कहा जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। श्री साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से वर्षा होती है, धान की बालियों में दूध भरता है और किसानों के घरों में समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी विनती है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की ओर अग्रसर करें।



### सोने की झाड़ू लगाकर किया शुभारंभ

*राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की रथ यात्रा की तर्ज पर यह पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी करते हुए सोने की झाड़ू से मार्ग बुहारकर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक ले जाकर विराजित किया। रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य प्रसिद्ध है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी इस उत्सव का व्यापक प्रभाव है। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच यह एक अटूट साझेदारी का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण तीर्थ है, जहां से वे जगन्नाथ पुरी में स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के प्रेमपूर्वक अर्पित मीठे बेर ग्रहण किए थे। यहां वर्तमान में नर-नारायण का भव्य मंदिर स्थापित है।*

### लोक सेवा पदोन्नति नियमों को लेकर जैन ने मंत्रालय में ली बैठक

## मुख्य सचिव ने कहा, 31 जुलाई तक हर हाल में दी जाएं पदोन्नतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में पदोन्नति नियम 2025 को लेकर गुरूवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव शामिल हुए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक पदोन्नतियां सुनिश्चित की जाएं।

मंत्रालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पदोन्नति नियम 2025 को लेकर बैठक लगभग पौने तीन घंटे चली। बैठक में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष सहित स्थापना से जुड़े हुए अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर हाल में 31 जुलाई तक पदोन्नतियां दे दी जाए। इसके लिए नियम अनुसार वरिष्ठता सूची तैयार कर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें की जाएं।उधर मंत्रालय के मुख्य द्वार पर सामान्य वर्ग के कर्मचारियों ने पदोन्नति नियम 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

**पदोन्नति के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए कहा**



### प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

पदोन्नति नियम में आरक्षण के मुद्दे पर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि आरक्षण नहीं प्रतिनिधित्व का प्रावधान सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुरूप नियमों में किया गया है। बड़ी संख्या में विभागों में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति मिलेगी। सभी अधिकारी पूरी ताकत से इस नियम के क्रियान्वयन में जुट जाएं, क्योंकि यह सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय है। इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

### पदोन्नति नियम 2002 को ही नए कलेवर में किया प्रस्तुतः नायक



नए पदोन्नति नियमों को लेकर सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी और कर्मचारी एक बार फिर सड़क पर उतर आए हैं। कर्मचारियों ने गुरूवार को मंत्रालय में पपदोन्नति नियम के विरोध में जमकर नारेबाजी की। 29 मई को सभी संगठनों के कर्मचारियों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन की आगे की रणनीति तय होगी। मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक का कहना है कि हम आरक्षण के विरोधी नहीं है, लेकिन अनारक्षित पदों पर आरक्षित वर्ग को अवसर दिया जाना विधि विरुद्ध है।

## खबर संक्षेप



### बीओआई बांड के जरिए 20,000 करोड़ जुटाएगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने कहा कि वह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान बॉन्ड के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। बीओआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 20,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी है।

### नियम तोड़न के लिए एयरटेल पर जुर्माना



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने असम सर्किल में ग्राहक सत्यापन नियमों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल को 6.48 लाख रुपये के जुर्माने का नोटिस भेजा है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इसके सुधार और नोटिस की वापसी के लिए उचित कार्रवाई करेगी। कंपनी को 25 जून को 'दूरसंचार विभाग, असम एलएसए'' से 'ग्राहक सत्यापन मानदंडों के कथित उल्लंघन के लिए 6,48,000 रुपये का जुर्माना लगाने'' का नोटिस मिला।

### जियोब्लैकरॉक को ब्रोकरेज कारोबार की मिली मंजूरी




**नई दिल्ली।** जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड को ब्रोकरेज इकाई के रूप में परिचालन शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग का लक्ष्य निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित निष्पादन क्षमताएं लाना है।

### साउथ वेस्ट पिनेकल को ओमान से मिला ठेका



**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड को ओमान में सोने जैसे खनिजों की अन्वेषण एवं खनन के लिए करीब 30 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे यह ठेका मिनरल्स डेवलपमेंट ओमान (एमडीओ) से मिला है। इसे करीब दो वर्ष में पूरा किया जाना है। इसमें कहा गया, '' साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड को अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी अलारा रिसोर्सेज एलएलसी ओमान के माध्यम से ओमान में रियायत क्षेत्र 12 बी और 13 में तांबा, सोना और क्रोमाइट जैसे खनिजों के अन्वेषण एवं खनन के लिए अन्वेषण व खनन ठेका दिया गया है।''

### क्रेडिला फिन ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** शिक्षा ऋण प्रदाता क्रेडिला फाइनेंशियल सर्विसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए हैं। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष बृहस्पतिवार को दाखिल किए गए अद्यतन दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 3,000 करोड़ के नए शेयर और 2,000 करोड़ के शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

# एसी का तापमान निर्धारित करने का प्रावधान फिलहाल नहीं : मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है और इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा। भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में जब उनसे पूछा गया कि एसी के तापमान की नई सीमा कब लागू की जाएगी, तो यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति '2050 के बाद ही उत्पन्न हो सकती है।' उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि यह तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी।" यादव ने कहा कि जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) या राष्ट्रीय जलवायु योजना, 'अपने लोगों तक ऊर्जा की पहुंच' सुनिश्चित करने पर जोर देती है। सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत का अर्थ है कि सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ना होगा, लेकिन विकसित देशों को और अधिक प्रयास करना चाहिए, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से उत्सर्जन के लिए वे अधिक जिम्मेदार हैं और उनके पास अधिक संसाधन हैं। इसी महीने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि भारत में एयर कंडीशनर जल्द ही 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस की सीमा के भीतर काम करेंगे और इसे अनिवार्य बनाया जाएगा।


## तापमान 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की है योजना

### तापमान एक डिग्री बढ़ाने से छह फीसदी बिजली की मदद

एजेंसी का यह भी कहना है कि एसी का तापमान सिर्फ एक डिग्री बढ़ाने से करीब छह प्रतिशत बिजली की बचत हो सकती है। इसे 20 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 24 डिग्री सेल्सियस करने से 24 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत हो सकती है।

### सीमा से कम व अधिक पर काम प्रतिबंधित होगा

मनोहर लाल ने कहा था कि इस सीमा से कम या अधिक तापमान पर काम करना प्रतिबंधित होगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के अनुसार, भारत में ज्यादातर एसी वर्तमान में 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच निर्धारित किए जाते हैं, हालांकि आदर्श आरामदायक सीमा 24 से 25 डिग्री सेल्सियस है।



### तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस सेट करने की सलाह

बीईई ने आराम और ऊर्जा उपयोग के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए एयर कंडीशनर को 24 से 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करने की सलाह दी है। इसमें कहा गया है कि तापमान को बहुत कम, लगभग 20 से 21 डिग्री सेल्सियस पर रखने से बिजली की बर्बादी होती है।

## दोनों देशों के बीच लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही

# ट्रंप ने कहा : भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक ''बहुत बड़ा'' व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा...'' ट्रंप ने कहा, 'चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं।'' राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

- ट्रंप ने विधेयक पारित करने के एक कार्यक्रम यह बात कही



### दोनों देश अंतरिम समझौते के लिए बात कर रहे

*ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।*

### हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे

ट्रंप ने कहा, '' याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, '' क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे।

### अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भारत के साथ भी समझौता हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने 'ब्लूमबर्ग टीवी' को बताया कि चीन के साथ इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप और लुटनिक दोनों ने ही समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, '' हमने अभी-अभी चीन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।''

### समझौते पर दो दिन पहले हस्ताक्षर

लुटनिक ने कहा कि इस समझौते पर दो दिन पहले ही ''हस्ताक्षर'' किए गए। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति को समझौते करने हैं...हम एक के बाद एक समझौते करने जा रहे हैं।'' चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने ''समझौते की रूपरेखा के विवरण की पुष्टि की है।'' लेकिन उसके बयान में स्पष्ट रूप से दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच का उल्लेख नहीं किया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों में होता है।

### भारत ने अब तक दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स फिर से 84,000 अंक के पार

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर एक बार फिर 84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,650.73 अंक यानी दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में 525.4 अंक यानी दो प्रतिशत का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, /"सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती के साथ साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम के बाद तनाव घटने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद से तेजी के इस दौर को समर्थन मिला है।/"



- आईसीआईसीआई बैंक व रिलायंस में निकली खरीदी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।

### तनाव कम होने से निवेशकों की असमंजस दूर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"पश्चिम एशिया में युद्ध-विराम और समयसीमा से पहले व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद ने निवेशकों की असमंजस दूर कर दी है। एफआईआई लगातार कई दिनों तक बिकवाली करने के बाद अब शुद्ध खरीदार बन गए हैं, जिससे निकट भविष्य में बाजार की स्थिरता में सुधार हुआ है।/"

# सीटीआई ने बढ़ते स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर चिंता जताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में तेज वृद्धि पर चिंता जताई है। सीटीआई ने सरकार से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत प्रदान करने के लिए इस दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे में सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो घरेलू बजट पर एक दबाव बढ़ाता है। इसके चलते बहुत से लोगों को अपनी 'पॉलिसी'' को बीच में छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम की बढ़ती लागत मध्यम वर्ग, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है। गोयल ने कहा, ''कई परिवार बीमा लागत में वृद्धि का बोझ उठाने में असमर्थ हैं और उन्हें अपनी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।" सीटीआई ने वित्त मंत्रालय से आग्रह किया है कि वे प्रीमियम वृद्धि को विनियमित करने और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करे, क्योंकि विभिन्न बीमा कंपनियां मनमाने ढंग से प्रीमियम बढ़ा रही हैं, जिससे पॉलिसीधारकों के बीच भ्रम और संकट पैदा हो रहा है।

- सीटीआई ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र




### इरडा की भूमिका प्रभावी नहीं रही

गोयल ने यह भी दावा किया कि बीमा कंपनियों की निगरानी करने के बावजूद भारत के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) की भूमिका प्रभावी नहीं रही है। उन्होंने कहा, ''इरडा को नीति और प्रीमियम नियमों की देखरेख करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं है।''

# विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 20 जून को समाप्त सप्ताह में 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 13 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 698.95 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 35.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 589.06 अरब डॉलर हो गईं।



### आईएमएफ के पास भारत का आरक्षित भंडार घटा

रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.67 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 10 लाख डॉलर घटकर 4.45 अरब डॉलर रह गया।

# जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 12,000 करोड़ में खरीदी एक्जो नोबल की भारतीय कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने एक्जो नोबल इंडिया के कारोबार को करीब 12,000 करोड़ (लगभग 1.1 अरब डॉलर) रुपए में खरीदने का करार किया है। इसके बाद जेएसडब्ल्यू अब भारत की चौथी सबसे बड़ी पेंट कंपनी बन जाएगी। जानकारों के मुताबिक, महीनों की बातचीत के बाद जेएसडब्ल्यू ने अक्जो नोबेल में 75% हिस्सेदारी 9,000 करोड़ रुपए में खरीदने का फैसला किया, जो गुरुवार के बाजार भाव से 17.4% सस्ता है। इस डील के बाद आज एक्जो नोबल के शेयरों में 7 फीसदी से अधिक की उछाल है।

जेएसडब्ल्यू ने इंडिगो पेंट्स-एडवेंट कंसोर्टियम और पिडिलाइट इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी बोलियों को पछाड़ा। इस अधिग्रहण से जेएसडब्ल्यू इंडस्ट्रियल पेंट्स सेगमेंट में कंसाई नेरोलैक के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। अक्जो नोबेल के शेयरधारकों के लिए 26% हिस्सेदारी की ओपन ऑफर होगी, जिसकी कीमत सेबी के फॉर्मूले (गुरुवार के क्लोजिंग प्राइस 3,213रुपए /शेयर) के आधार पर तय होगी। डच कंपनी अक्जो नोबल अभी भी मामूली हिस्सेदारी बरकरार रख सकती है। 2019 में लॉन्च हुई जेएसडब्ल्यू पेंट्स अब तक बाजार में मजबूत पकड़ नहीं बना पाई थी। पांच साल बाद 2023-24 में पहली बार उसे ऑपरेटिंग मुनाफा (2,000 करोड़ रुपए राजस्व पर) हुआ। अक्जो की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 'डुलक्स' ब्रांड उसकी पहुंच बढ़ाएगा। इस डील के बाद जेएसडब्ल्यू पेंट्स का राजस्व तुरंत 3,000 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा।

- एशियन पेंट्स और बर्जर को दी चुनौती



### चमक से मंदी तक अक्जो नोबेल का सफर

'डुलक्स' ब्रांड से भारत में 70 साल से सक्रिय अक्जो नोबेल की हालत पिछले कुछ समय से डांवाडोल रही। अक्टूबर 2023 में शेयर 4,649 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर थे, लेकिन अब 30% गिरकर 3,213 रुपए रह गए हैं। कंपनी का मार्केट कैप 14,524 करोड़ रुपए है, जो इस साल 10.5% घटा है। उद्योग में मांग ठंडी पड़ने और प्रतिस्पर्धा बढ़ने से उसे सिर्फ 7% मार्केट शेयर ही हासिल है। फरवरी में उसने अपना सबसे मुनाफेवाला पाउडर कोटिंग्स बिजनेस डच पैरेंट कंपनी को बेच दिया था।

## ब्रांड फाइनेंस की तरफ से नवीनतम रिपोर्ट जारी की गई

# टाटा समूह बना देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह एक बार फिर देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड चुना गया है जबकि अदाणी समूह देश का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ब्रांड बनकर उभरा है। एक नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'ब्रांड फाइनेंस' की तरफ से सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड 2025 के बारे में जारी नवीनतम रैंकिंग के मुताबिक, अदाणी समूह अपने आक्रामक और एकीकृत बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करके वृद्धि को गति देने वाले सबसे तेजी से बढ़ते भारतीय ब्रांड के रूप में उभरा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अदाणी समूह का ब्रांड मूल्य वर्ष 2025 में बढ़कर 6.46 अरब डॉलर हो गया जो पिछले साल 3.55 अरब डॉलर था। एक साल में ब्रांड मूल्य में 2.91 अरब डॉलर की वृद्धि इस समूह की रणनीतिक स्पष्टता, लचीलापन और सतत वृद्धि को लेकर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

- अदाणी समूह देश का सबसे तेजी से उभरा ब्रांड बना




### टाटा का ब्रांड मूल्य इस साल 10 फीसदी बढ़ा

इस ब्रांड रैंकिंग के मुताबिक, टाटा समूह का ब्रांड मूल्य इस साल 10 प्रतिशत बढ़कर 31.6 अरब डॉलर हो गया। इसके साथ ही विविध कारोबारों में सक्रिय टाटा समूह एक बार फिर भारत के सबसे मूल्यवान ब्रांड की सूची में शीर्ष पर रहा। ब्रांड फाइनेंस ने टाटा समूह के बारे में कहा, /"यह ऐतिहासिक मील का पत्थर भारत के बढ़ते आर्थिक प्रभाव और इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा और नवीकरणीय ऊर्जा में रणनीतिक निवेश के साथ टाटा समूह के बहु-क्षेत्रीय प्रभुत्व को बताता है।

### वृद्धि के दम पर अदाणी समूह 13वें स्थान पर

*ब्रांड मूल्य में इस वृद्धि के दम पर अदाणी समूह रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि पिछले साल वह 16वें स्थान पर था। ब्रांड फाइनेंस ने कहा, "अदाणी समूह का ब्रांड मूल्य इस साल 82 प्रतिशत बढ़ा है और यह सबसे तेजी से बढ़ने वाले भारतीय ब्रांड के रूप में उभरा है।*

### इंफोसिस दूसरा सबसे बड़ा मूल्यवान ब्रांड

*देश का दूसरा सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड इन्फोसिस है जिसका ब्रांड मूल्य 15 प्रतिशत बढ़कर 16.3 अरब डॉलर हो गया है। यह कंपनी आईटी सेवा क्षेत्र में अग्रणी बनी हुई है। एचडीएफसी ग्रुप 14.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी 13.6 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ चौथे स्थान पर है।*

### एशियन पेंट्स दूसरा सबसे बड़ा मजबूत भारतीय ब्रांड

*इस बीच, ताज होटल्स ने लगातार चौथे साल भारत के सबसे मजबूत ब्रांड के रूप में अपना खिताब बरकरार रखा है। वहीं, एशियन पेंट्स इस साल दूसरा सबसे मजबूत भारतीय ब्रांड रहा है जबकि अमूल तीसरे स्थान पर है।*

# सीतारमण ने बैंकों से कर्ज वृद्धि बढ़ाने, मुनाफा बनाए रखने कहा

## अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण मिल सके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा। वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि लगभग 37,100 करोड़ रुपये थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### आउटर में बदमाशों ने ट्रेन में किया पथराव

**कटनी।** कटनी रेलवे स्टेशन आ रही गाड़ी संख्या 12268 रीवा इतवारी एक्सप्रेस व कटनी से सतना के लिए रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव से एक महिला यात्री घायल हुई है तो वहीं खिड़कियों के कांच टूट गए है। पथराव की घटना सामने आने के बाद मंडल कार्यालय जबलपुर तक हड़कंप मच गया है। आरपीएफ व जीआरपी कटनी स्टेशन के आउटर से लेकर पटवारा स्टेशन तक तैनात की गई है। आरपीएफ ने कुछ संदेहियों को दबोचा भी है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12268 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस कटनी रेलवे स्टेशन आ रही थी। इसी दौरान पटवारा से कटनी के बीच अज्ञात लोगों ने ट्रेन के एस-1 व एस-3 कोच में पथराव कर दिया। पथराव के बाद ट्रेन में मौजूद ट्रेन स्टॉफ ने ट्रेन में ही घायल यात्री का प्राथमिक उपचार किया तो वहीं घायल महिला को जबलपुर में उपचार प्रदान किया गया। हालांकि इस पथराव की सूचना समय रहते कटनी स्टेशन व आरपीएफ को नहीं मिली, जिसके चलते महिला को जबलपुर में उपचार मिला। इसी तरह की घटना कटनी रेलवे स्टेशन से सतना की ओर रवाना हुई गाड़ी संख्या 22177 महानगरी एक्सप्रेस में हुई। खिरहनी फाटक आउटर पर अज्ञात लोगों ने पथराव किया, जिससे बी-6 कोच की खिड़की का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। हालाकि सीट पर बैठा यात्री बाल-बाल बच गया। ट्रेन के मानिक स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली।

### राज्य अधिवक्ता परिषद में 600 अधिवक्ताओं को किया गया नामांकित

**कटनी।** एड अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति ने बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति-ए की बैठक आयोजित की गई। नामांकन समिति ए में परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। नामांकन समिति-ए के द्वारा अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 600 नामांकन आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन कर मुहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया व 2 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान अधीक्षक लालमणि कुशवाहा, देवेन्द पाण्डेय, प्रणय खरे, अंकित सेन, सागर शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। श्री सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति ए की बैठक आयोजित की गई जिसमें लगभग 600 अधिवक्ताओं के नामांकन किये गये। बैठक के दौरान परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, प्रेम सिंह भदौरिया एवं दिनेश नारायण पाठक, अंजुला सरावगी बजाज, संदीप दुबे एड राकेश यादव एड राजेश सिंह एड अक्षय बजाज एड मगलजीत सिंह एड अनुराग गुप्ता विपिन चक्रवर्ती ने नए अधिवक्ताओं को बधाई दी।

### सम्मिलन निर्धारित एजेंडो में हुई विस्तृत चर्चा

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का 19 मई का स्थगित सम्मिलन शुक्रवार को निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। बैठक प्रारंभ होने पर सदन में निर्धारित एजेंडों पर विस्तृत चर्चा प्रारंभ की गई । चर्चा उपरांत सी0एल0पाठक वार्ड स्थित औषधालय के खुलने के उपरांत बंद करने के समय में वृद्धि करने एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये जाने , स्व0 पन्नालाल बजाज मार्ग का नामकरण, विभागीय सलाहकार समिति की बैठक समय पर न बुलाये जाने, बिना अनुमति/अवैध निर्माण के संबंध, छपरवाह स्थिति गार्डन को अन्य प्रयोजन हेतु न देने के संबंध में अन्य विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। अंत में नगर पालिक निगम कटनी में कार्यरत कर्मचारी श्री मुकेश दुबे एवं अनुराग जायसवाल के आकस्मिक निधन होने पर गतआत्मा को शांति प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन रख कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

### कलेक्टर ने घुमंतु गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाने की व्यवस्था के दिए निर्देश

# ..तो पशु मालिकों पर दर्ज कराएं एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सर्पदंश पीड़ित को पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ त्वरित उपचार मुहैया कराने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता रहे। यह भी सुनिश्चित हो कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने से प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए सहजता से वाहन की उपलब्धता हो। इसके लिए सभी जनपद पंचायत के सीईओ, थाना प्रभारी, संबंधित सरपंच, सचिव व आशा कार्यकर्ता के बीच बेहतर तालमेल रहे, ताकि सर्पदंश पीड़ित को बिना समय गवाएं त्वरित उपचार मिल सके। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा खासतौर पर मौजूद रहे।

बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, सभी एसडीएम, जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बैठक में हाइवे व मुख्य मार्गों में घुमन्तु गौवंशों को गौशालाओं और गौ-आश्रय स्थलों में पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 108 एंबुलेंस सेवा, डायल 100 वाहनों के अलावा पंचायत स्तर से सर्पदंश और जहरीले कीड़े काटने के प्रभावितों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि गोल्डन आवर में सर्पदंश प्रभावित का उपचार शुरू हो सके। सर्पदंश प्रभावित व्यक्ति के परिजन 108 और 100 डायल के अलावा कलेक्ट्रेट स्थित जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622-220071 और 220072 पर सूचना दे सकते हैं।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे झाड़-फूक करने वाले बाबाओं, गुनिया, ओझा तथा झोलाछाप डाक्टर पर कार्यवाही करें, ताकि प्रभावितों को बिना समय गवायें उपचार मिल सके। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वे अस्पतालों के स्टाफ को प्रशिक्षण दें। साथ ही सीएचसी और पीएचसी अस्पतालों में प्रशिक्षित स्वास्थकर्मी की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने ताकीद किया कि सर्पदंश से मौत की ऑडिट होगी और सर्पदंश पीड़ित की मौत के लिए दोषी व्यक्ति की जवाबदेही तय होगी और कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस और अस्पताल के अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सांप पकड़ने वाले सर्प मित्र की मोबाइल संपर्क सूची वन विभाग से प्राप्त कर संबंधित पुलिस थाना और जिला कंट्रोल रूम में रखी जाय।

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग, हाइवे और मुख्य सड़क मार्गों में गौवंश के स्वच्छंद विचरण और बरसात के मौसम में पशुओं के सड़कों में जमावड़े से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और गौवंश को सुरक्षित गौशालाओं और गौ आश्रय स्थलों में पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आश्रय-स्थलों में भूसा-चारा और पानी का समुचित प्रबंध होना चाहिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि बरसात के मौसम में अधिकतर मवेशी सड़कों पर बैठते हैं जो दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनते हैं। साथ ही जानवर भी कई बार हादसे का शिकार होकर या तो मर जाते हैं या फिर दुर्घटना के कारण भयावह पीड़ा और कष्ट झेलते हैं। इसके लिए कलेक्टर ने नेशनल हाइवे, नगर निगम क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त वाहनों की तैनाती की हिदायत दी। ताकि घायल पशुओं को इलाज हो सके और मृत गोवंश का नियमानुसार निपटान हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यवस्था के अनुसार अधिकारी अस्थायी तौर पर भी गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। सड़कों में पशुओं को छोड़ने वाले पशु मालिकों के विरूद्ध एफआईआर व जुर्माना की कार्यवाही की जाये।

## ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बदमाशों ने एक रिटायर्ट फौजी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरो ने लाखों के जेवरात सहित नकदी रूपए भी पार कर दिये। वारदात निवार चौकी क्षेत्र की है। चोरी की जानकारी परिवार के लोगों को तब हुई जब परिवार कार्यक्रम मे शामिल होनें के बाद बापस लौटे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की पतासाजी का प्रयास कर रही है।

### घर लौटे तो टूटा मिला ताला

सेवानिवृत्त फौजी धर्मराज गोस्वामी निवासी निवार रेलवे स्टेशन के पास ने बताया कि 26- को लगभग 10 बजे दिन मे घर के सभी लोग कार्यक्रम मे शामिल होनें के लिए तखला गए थे। सुबह करीब 10 बजे यह अपने भाई के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तखला गांव कार्यक्रम बाद शाम को जब वह घर लौटे तो उनके घर के कमरों में दरवाजा का ताला टूटा मिला। परिवार के लोगों ने देखा कि कमरों में रखी अलमारी, लॉकर व बक्सों के ताले टूटे हैं। इसमें रखे करीब लाखो रुपये के जेवरात व 30 हजार की नकदी गायब है। दिन में चोरों ने रैकी लगभग 12 से 1:00 बजे के बीच इस सुने मकान का ताला तोड़ दिया। निवार चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कटनी शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक लोगों के घरों में छाने लगा ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में भी चोरी जैसी वारदात सामने आने लगी। जांच के दौरान चोरों के बारे में प्रथम दृष्टया सुराग नहीं लग सका है। जांच की जा रही है।

### नए कपड़े पाकर खिले बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान

## कलेक्टर ने पथवारी आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को दिया टी-शर्ट और लोवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखण्ड बड़वारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथवारी के केन्द्र क्रमांक 2 में पहुंच कर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यहां दर्ज सभी 30 बच्चों को टी-शर्ट और लोवर प्रदान किया। ताकि सभी बच्चे एक ड्रेस कोड यूनिफार्म में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री यादव का पथवारी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में पहुंचने पर 4 वर्षीय माही सिंह और मानवी ने टीका लगाकर कलेक्टर का अभिनंदन किया। इसके बाद कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतीक स्वरूप विष्णु सिंह और लक्ष्मी गोस्वामी सहित सभी 30 बच्चों को टी-शर्ट व लोवर प्रदान किया। इस आंगनबाड़ी केन्द्र को मानव जीवन विकास समिति ने गोद लिया हुआ है। समिति के ही सौजन्य से गुरुवार को बच्चों को टी-शर्ट, लोवर भेंट किया गया।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री सिंह ने बताया कि पथवारी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 का रंग रोगन कर आकर्षक और रोचक बनाया जाएगा तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए जरूरी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास समिति द्वारा किया जाएगा। यहां निर्भय सिंह ने बताया कि मानव जीवन विकास समिति द्वारा पहले भी विकासखण्ड बड़वारा की 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लिया जा चुका है। यहां बच्चों को बैठने और लिखने-पढ़ने के लिए टेबल, कुर्सियां विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक चार्ट गिनती पहाड़ा सिखाने वाले पाठ्य सामग्रियां और विविध प्रकार के खिलौने भी प्रदान किये गए हैं।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर प्रवीण बानो और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शुभा गोस्वामी मौजूद थीं।

### शासकीय भूमि में किये गए अतिक्रमण को हटवाया



शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में शुक्रवार को ग्राम झिंझरी तहसील कटनी नगर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1266 पर अवैध रूप से निर्मित सड़क को जेसीबी मशीन से खुदवा कर हटाया गया। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शासकीय मध्य प्रदेश शासन की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित रास्ते जो कि मुरूम एवं गिट्टी डालकर के बनाया गया था। उसे मौके पर जेसीबी मशीन के द्वारा खुदवा करके नष्ट कर दिया गया है। श्री मिश्रा के मुताबिक अतिक्रमण मुक्त कराईं गई इस शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए है। बताया गया कि हल्का पटवारी अमित कनकने ने मौके पर मौजूद रहकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया है।

## इलाज कराने कटनी आ रही महिला हो गई लापता

### काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर थाना में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक महिला अचानक से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। थक हारकर परिजन पुलिस थाना पहुंचे तथा महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया निवासी बसंत लाल साहू ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी दुर्घटिया बाई 21 जून को ग्राम धवैया से इलाज कराने के लिए कटनी के लिए निकली थी। कटनी में उसका पुत्र रहता है जब दुर्घटिया बाई कटनी नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरू किया। काफी पतासाजी के बाद भी महिला का कोई भी अता पता नहीं मिल पाया। इसके बाद परिजन थाना पहुंचे और महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए महिला की पतासाजी का प्रयास शुरू कर दिया है।

### साढ़े 5 करोड़ रूपये से अधिक के ऋण एवं स्वीकृति पत्र किए गये वितरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को रतलाम में रीजनल इण्डस्ट्री स्किल एंड एम्प्लायमेंट (RISE) कॉनक्लेव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को कटनी कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में वर्चुअली देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यकम का आयोजन किया गया। जहां एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 24 इकाईयों को लगभग 5 करोड़ 47 लाख 41 हजार 717 रूपये एवं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के 5 हितग्राहियों को राशि 27 लाख 75 हजार रूपये के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यकम के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल एवं अधिकारीगण, मौजूद रहे। इसके अलावा नगर निगम, अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग, अंत्यारवसायी निगम के प्रतिनिधि एवं लाभांवित इकाईयों जैसे मेसर्स सुखसागर फूड प्रोडक्ट, मेसर्स श्रीयतिराज एग्रो, मेसर्स मां शारदा वॉलकेयर, मेसर्स विजिम इण्ड, आदि फर्मों के उद्योगपति उपस्थित रहे।

### मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर की गई तैयारियां

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मोहर्रम पर्व के कार्यकम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। मोहर्रम पर्व शुक्रवार 27 जून से आरंभ होकर 6 जुलाई तक या 28 जून से प्रारंभ होकर 7 जुलाई तक (चांद दिखाई देने के अनुसार) मनाया जाएगा।

### इन की लगी ड्यूटी

सम्पूर्ण कानून एवं शांति व्यवस्था का दायित्वर प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी को सौंपा गया है। इनके सह प्रभारी बी. के. मिश्रा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर) होंगे।

इसी प्रकार शहर में निकलने वाले जुलूस कार्यकमों में उपस्थित रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेनदारी राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी, अजीत तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (ग्रामीण) एवं आकाशदीप नामदेव, अतिरिक्ति तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दी गई है।

कार्यकम अनुसार कब्रिस्तान, करबला, मस्जिदो इत्यादि में प्रमुख कार्यकम होने पर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर), रामटेके हर्षवर्धन सहायक अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू अभिलेख कार्यालय कटनी, गौरव पाण्डेय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नजूल कार्यालय कटनी की ड्यूटी लगाई गई है।

इस कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी होंगे एवं आवश्यकता पड़ने पर अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी सहयोग हेतु पृथक से आदेश जारी कर लगायेगें। श्री मिश्रा को समय-समय पर शांति व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। सूरक्षा व्यवस्था के प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक कटनी रहेगी। समस्त कार्यपालिक मजिस्टेट एवं अधिकारीगण सौंपे गये कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करेगें।

कटनी जिला क्षेत्रान्तर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पृथक से कार्यपालिक दण्डाधिकारी की डियूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

### जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनीं 62 ग्रामीणों की समस्यायें

## जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने की जमीन संबंधी अधिकांश शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव गुरुवार को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ उन्होंने 62 ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, एसडीएम कटनी शप्रदीप कुमार मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार सुश्री अनुराधा सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक सुनवाई के दौरान ग्राम भजिया निवासी उमेश कुमार चौधरी पिता कमला चौधरी ने मकान का पट्टा दिलाये जाने की मांग करते हुए बताया कि मैं मजदूरी करके जीवन यापन करता हूँ एवं मेरा मकान पिछले 20 वर्षों से शासकीय भूमि पर बना है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निश्चित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार धनगवां निवासी भागवत लाल यादव ने पट्टा दिलाने की मांग करते हुए कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई में ग्राम भुइया निवासी शिवशंकर कुशवाहा ने बताया कि मैं मजदूरी करके जीवनयापन करता हूँ। परंतु, गरीबी रेखा में मेरा नाम नहीं जुड़ा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए।

लोकसुनवाई के दौरान भजिया निवासी परंगी कुशवाहा ने आवेदन देते हुए कहा कि वर्ष 2008 में मैंने जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर मैं तब से लगातार कृषि कर रहा हूँ। मैंने नक्शा सुधार हेतु आवेदन दिया था। परंतु अभी तक नक्शा सुधार नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को निश्चित समयावधि में नक्शा सुधार करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई में काछी मुकाम निवासी रामकिशोर, शिवकुमार एवं भैयालाल ने कहा कि भजिया, छपरवाह और धनगवां में स्थित हमारी भूमि के भू-अभिलेखों में हम भाईयों के साथ बहनों का नाम भी दर्ज है। चूंकि हमारी चारों बहने रामकली, मुन्नीबाई, जानकीबाई एवं कान्तीबाई कोई हिस्सा नहीं लेना चाहती इसलिए इन भू-अभिलेखों से बहनों का नाम खारिज किया जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने की भगवान जगन्नाथ की पूजा

**कटनी।** नगर के प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी के मंदिर से निकलने वाली 143वीं रथ यात्रा के भव्य आयोजन के पुण्य अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने यहां जगन्नाथ चौक पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कलेक्टर श्री यादव ने भगवान जगन्नाथ की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री यादव को मंदिर के पुजारी श्री चंद्रिका प्रसाद दुबे ने भगवान श्री जगन्नाथ का प्रसाद दिया और पीतांबरी गमछा ओढ़ाया। भगवान श्री जगन्नाथ की आरती के पश्चात कलेक्टर श्री यादव ने समिति के पदाधिकारियों के साथ जगन्नाथ रसोई घर का भी निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रथ यात्रा में पहुंचे कलेक्टर श्री यादव द्वारा यात्रा में शामिल होने आए कलाकारों से परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार कटनी नगर बालकृष्ण मिश्रा सहित श्री जगन्नाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद रावगी सहित अन्य पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर 1 व 2 जुलाई को

**कटनी।** ग्राम पंचायत पहाड़ी में मंगलवार 1 जुलाई को एवं विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बड़वारा में बुधवार 2 जुलाई को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि यह शिविर शाम 4 बजे से संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर में आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## फूलों से सजे रथ पर निकले जगत के नाथ जगन्नाथ

# संस्कारधानी में दिखा जगन्नाथ पुरी सा नजारा





**जबलपुर।**

भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 27 जून को जबलपुर संस्कारधानी में पूरी श्रद्धाभक्ति और आस्था के साथ निकाली गई। भगवान का रथ खींचने के लिये भक्तों में होड़ मची हुई थी। 'जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ' वाली कहावत कल चरितार्थ होती दिखी। रथयात्रा के दौरान भगवान के महाप्रसाद को पाने हजारों हाथ फैले नजर आए। वहीं हजारों हाथों ने रास्ते भर भगवान का रथ खींचकर अपना जीवन धन्य किया। जगन्नाथ पुरी सा नजारा शहर में दिखा। जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ फूलों के रथ पर विराजमान होकर भक्तों पर कृपा बरसाके अपनी मौसी के घर पहुंचे। पुराणिक कथाओं के मुताबिक स्वास्थ्य लाभ लेने कुछ दिन मौसी के घर गये थे तभी से यह परंपरा चली आ रही हैं। श्री जगदीश कर्मा माई ट्रस्ट घमण्डी चौक, श्री गणेश मंदिर जगदीश मंदिर न्यास गढ़ाफाटक, चौरसिया समाज जबलपुर, श्री जगदीश स्वामी मंदिर हनुमानताल और सिटी बंगाली क्लब के रथ अपने-अपने उदगम स्थल से प्रारंभ होकर बाजे-गाजे के साथ बड़े फुहारे पहुंचे, वहां से पांचों रथों की संयुक्त शोभायात्रा जब प्रारंभ हुई और श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मार्ग के दोनों तरफ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ कतारबद्ध होकर खड़ी रही, वहीं बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े और जवान रथ खींच रहे थे। भगवान का भात पाने हजारों हाथ फैले हुए थे। रथयात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे। रथ यात्रा में सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेशन सोनकर, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, भाजपा नेता धीरज पटेरिया, श्रीमति आभा साहू, विन्धेश भापकर, राकेश साहू, रवि भगत, पार्षद अयोध्या तिवारी, अमरीष मिश्रा, हर्षित यादव, रजनी कैलाश साहू, सुधीर साहू, पूर्व पार्षद नंद कुमार यादव, भाजपा नेता राजेश द्विवेदी, साहू समाज की ओर से मुकेश साहू, चौधरी द्वारका प्रसाद, मेहते राजेन्द्र साहू, महेश साहू, हरीशचंद्र साहू, बद्रीप्रसाद साहू, राधेश्याम साहू, एडवोकेट राजकुमार साहू, पप्पी सहयोगी, राजेन्द्र साहू, पप्पू साहू, मनोहर साहू आदि शामिल थे। शोभायात्रा में श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट गढ़ाफाटक, चौरसिया समाज और बंग समाज के रथ भी शामिल हुये।

### बाल भवन के बच्चों ने किया प्रतीकात्मक आयोजन

बाल भवन जबलपुर द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा का प्रतीकात्मक का आयोजन कुमारी शिवानी मौर्य नवागत सहायक संचालक संभागीय बल भवन के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती श्रद्धा प्रबंधक इंडिया पोस्ट बैंक थीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में गिरीश बिल्लौरे सहायक संचालक संभागीय बाल भवन एवं अतिथियों द्वारा डॉक्टर रेणु पांडे के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा बनाई गई भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा के रथों का पूजन अर्चन किया गया तदुपरांत बच्चों द्वारा प्रतीकात्मक रथ यात्रा पथ संचलन स्थानीय स्तर पर किया गया। इस अवसर पर डॉ रेणु पांडे, श्रीमती विजयलक्ष्मी अय्यर ,डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे, श्रीमती मोहनी मोघे, श्री देवेन्द्र यादव, सोमनाथ सोनी, मीना सोनी का योगदान था।

### सिटी बंगाली क्लब की रथयात्रा

बंग भाषियों की प्राचीन व प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी ऐसोसिएशन (सिटी बंगाली क्लब) करमचंद चौक से 27 जून को सायं 3 बजे जगन्नाथ रथ यात्रा प्रारंभ हुई। बंग भाषियों द्वारा एकमात्र निकाली जाने वाली रथ यात्रा मालवीय चौक, सुपर बाजार, लार्डगंज, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक होते हुये वापस सिटी बंगाली क्लब पहुंची। रथ यात्रा में सुब्रत पॉल, सुरेंद्र पाल संटू, प्रकाश शाह, तृष्णा चटर्जी, आदि शामिल थे। रथ पर भ्रमण करते मौसी के घर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा पहुंचे, जहां अगले 10 दिनों तक धार्मिक आयोजन होगें। प्रसाद के रुप में जलेबी और समोसा वितरित किए गए।

### रथ खींचने मची होड़

भगवान जगन्नाथ की कृपा पाने और पुर्नजन्म से मोक्ष पाने के लिये भगवान जगन्नाथ स्वामी के फूलों के रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची हुई थी। सभी रथों को खींचकर अपना जीवन धन्य कर रहे थे और चारों तरफ भगवान का प्रसाद पाने के लिये हाथ पैला रहे थे जगन्नाथ के भात को पाने के लिये हाथ पसारे थे। शृद्धालुओं ने मालपुआ, जामुन, पान और श्रीफल, मीठे भात, मीठी बूंदी, और फल फूल का भोग लगाया।

### बड़े फुहारे में की गई महाआरती

बड़े फुहारा के सामने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 5 महा आरतियों से जगन्नाथ स्वामी की जगन्नाथपुरी की तर्ज पर महाआरती की गई। रथ यात्रा का शुभारंभ संत स्वामी नरसिंहदास महाराज, ने स्वर्ण जड़ति झाड़ू से मार्ग साफ कर रथ यात्रा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर स्वामी पगलानंद, अखिलेश्वरानंद, आदि मौजूद थे। नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं पंचकोषी नर्मदा परिक्रमा के संरक्षक डा. सुधीर अग्रवाल परिक्रमा संकीर्तनाचार्य मनमोहन दुबे, मनोहर नामदेव, शरद अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनोज नामदेव के नेतृत्व मे बड़े फुहारे पर महाआरती में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर आरती की।



### बच्चों ने किया जगन्नाथ रथ यात्रा का प्रतीकात्मक आयोजन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संभागीय बाल भवन, जबलपुर के बच्चों द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा का आज प्रतीकात्मक आयोजन किया गया। रथ यात्रा के प्रतीकात्मक आयोजन की शुरुआत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की पूजा अर्चना कर की गई। इस अवसर पर संभागीय बाल भवन की नवागत सहायक संचालक कुमारी शिवानी मौर्य इंडिया पोस्ट बैंक की प्रबंधक श्रीमती श्रद्धा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास गिरीश बिल्लोरे भी मौजूद थे। बाल भवन के बच्चों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के रथ डॉ रेणु पांडे के मार्गदर्शन में बनाये गये थे। डॉ रेणु पांडे ने बताया कि संभागीय बाल भवन में प्रतिवर्ष रथ यात्रा के पूर्व बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देकर रथ तैयार कराया जाता है। इस गतिविधि से बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया जाता है। आयोजन में श्रीमती विजयलक्ष्मी अय्यर, डॉ शिप्रा सुल्लेरे, श्रीमती मोहनी मोघे, देवेन्द्र यादव, सोमनाथ सोनी एवं मीना सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

## कव्वाली के साथ हुआ उर्स का समापन

**जबलपुर।** उपरैनगंज मौलाना की गली कोतवाली बाजार स्थित हजरत चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह के 28वें उर्स का समापन कव्वाली के शानदार आयोजन के साथ हुआ। दरगाह कमेटी द्वारा आयोजित इस कव्वाली कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी ने अपने सूफियाना कलामों से समा बांध दिया। कमेटी के संरक्षक विधायक लखन घनघोरिया की मौजूदगी एवं हर्ष इंदु तिवारी के मुख्य अतिथि में हुए इस आयोजन की अध्यक्षता हाजी कदीर सोनी ने की। बाबा मेराज अहमद जमाली खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी और खादिम बाबा की क़यादत में मुकर्रम वारसी ने रात भर एक से बढ़कर एक बेहतरीन कव्वालियां पेश कीं, जिन पर उपस्थित अकीदतमंदों ने दिल खोलकर नज़राना पेश किया। कव्वाली की शुरुआत में



दरगाह कमेटी के सचिव सज्जादानशीन मोहम्मद ताहिर खान ने कव्वाल और सभी मेहमानों का इस्तकबाल किया। अल सुबह सलातो सलाम के साथ कव्वाली का समापन हुआ। इस मौके पर पप्पू वसीम खान, बब्बी कुरैशी, सम्मू पटेल छपारा, मजहर उस्मानी, अस्सू खान, सोहैल फैज़ल खान, मुईनुद्दीन टीपू, अशरफ मंसूरी, मोहम्मद सोहैल नियाजी, यूनुस अली, चांद कुरैशी, हाजी रईस अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। दरगाह कमेटी के नीलेश पंसारी, आशीष उसरेठे, तारीख खान, आसिफ अख्तर, साकिर खान, साकिब खान, कैफ़ खान, वसीम खान, आरिफ खान, जफर नूरी बाबू, मुशाहिद अजहर अली और अन्य सदस्यों ने उर्स में शामिल हुए सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया।

## जबलपुर संपत्ति टैक्स की 100% पेनाल्टी हो ख़त्म और भौतिक जाँच कर वास्तविक परेशान व्यक्ति को मिले पेनाल्टी से राहत

### महापौर ने सर्व प्रथम आग्रह किया कि प्रत्येक व्यक्ति टैक्स दें और पेनाल्टी से बचें और छूट का लाभ लें

**जबलपुर।**

मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने महापौर जगत बहादुर अन्नू से मुलाक़ात की और संपत्ति टैक्स के गंभीर विषय पर 100% पेनाल्टी ख़त्म की जाए क्योंकि कई व्यक्ति परिस्थिति, मजबूरी, बीमारी और कई बार सम्पति विवादों के कारण टैक्स नहीं जमा कर पाते, उनकी भौतिक जाँच कर उनको रियायत दी जाए, जिस पर महापौर ने टैक्स पेनाल्टी को मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार टैक्स पैनाल्टी लगाई जाती है जिसे मध्यप्रदेश शासन तय करता है और उन्होंने ये भी कहा टैक्स यदि 365 दिन में जमा नहीं होता तो ये भी एक प्रकार का जानबूझकर किया जाने वाला अपराध है जिसे टैक्स पेनाल्टी लेकर सजा रूप में पूरा किया जाता है। बातचीत में उन्होंने कहा 6 माह पूर्व सम्पति टैक्स जमा होता है तो उस पर 6% की छूट नगर निगम जबलपुर देता है और इस विषय पर मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखने को भी कहा जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। साथ ही महापौर ने बताया कि टैक्स से जबलपुर विकास और नगर निगम व्यय पूरे होते है और जबलपुर सम्पति का 100% टैक्स का केवल 25% ही जनता टैक्स जमा करती है, जिससे नगर निगम आय पर प्रभाव आता है, महापौर ने पूरा समर्थन दिया रियायत पर और ये जबलपुर जानता से निवेदन किया समय से टैक्स जमा कर लोग छूट का फ़ायदा लें और पैनाल्टी से बचें, इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन शामिल हुए।



## कम, कम, कम... केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र

**जबलपुर।** गुरूवार को एक निजी संवाद कार्यक्रम के लिए राजधानी भोपाल पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए अनुमान जताया कि 2050 तक देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई को हम सब को मिलकर लड़ना है।केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्य प्रदेश की जनता से अपील



करते हुए कहा कि, मोटापे के खिलाफ इस लड़ाई में आप सभी हमारा साथ दें और अपने आहार को संतुलित रखें, तेल कम, चीनी कम, नमक कम के मंत्र के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान मध्य प्रदेश प्रभारी व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल, राष्ट्रीय महासचिव 'युवा मंच' डॉ अखिलेश पटेल, राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम, वरिष्ठ पदाधिकारी अर्जुन सिंह पटेल, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय सचिव रोहित चंदेल व अन्य उपस्थित रहे। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प करोड़ों देशवासियों ने साथ मिलकर लिया है। 2047 में हम विकसित भारत की बात करते हैं तो यह लाजमी हो जाता है कि जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब देश की सेहत कैसी होनी चाहिए, मध्य प्रदेश की सेहत कैसी होनी चाहिए। आज देश के ऐसे बहुत सारे ग्रामीण इलाके और पिछड़े इलाके हैं, उनमें खासतौर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की चुनौती है। 2047 में हमें ऐसा भारत नहीं चाहिए, अगर 2047 में ऐसा भारत नहीं चाहिए तो काम तो अभी से करना पड़ेगा। इस दिशा में हमने काम शुरू कर दिया है।

SAVE EARTH MISSION

### सेव अर्थ मिशन ने उठाया ऐतिहासिक कदम

**जबलपुर।** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, **Save Earth Mission** ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और **Forbes**, **Fox**, **Business Insider**, व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब, **Save Earth Mission** वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम – **Save Earth Mission Global Vision Unveiling** – की आधिकारिक घोषणा की है।

### एल5 ईवी ने अब टेरा मोटर्स के साथ की साझेदारी

**जबलपुर।** जापानी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेरा मोटर्स ने भारत में अपने मजबूत और पारदर्शी डीलरशिप मॉडल के माध्यम से तेजी से विस्तार करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एल5 ईवी ब्रांड के पूर्व सब-डीलर ने अब टेरा मोटर्स के साथ बतौर अधिकृत मुख्य डीलर साझेदारी की है। इस कदम के पीछे प्रमुख कारण रहे सीमित लाभ मार्जिन और पिछले ब्रांड में दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं की कमी। राकेश शर्मा, मालिक, ज्योति एंटरप्राइजेज (नव नियुक्त डीलर), ने इस अवसर पर कहा: "ईवी क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों तक सब-डीलर के रूप में कार्य करते हुए मैंने महसूस किया कि पूर्व ब्रांड के अंतर्गत लाभ और विस्तार की संभावनाएं सीमित थीं। टेरा मोटर्स का ब्रांड, उनकी पारदर्शी नीति और जापानी गुणवत्ता से जुड़ाव ने मुझे प्रभावित किया। अब बतौर मुख्य डीलर, मेरे पास बेहतर मार्जिन, अधिक नियंत्रण और दीर्घकालिक व्यापार वृद्धि का अवसर है।"

## इस्लामी नववर्ष एवं मोहर्रम पर्व को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने विद्युत अधिकारियों से की मुलाकात

### मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की मांग

**जबलपुर।** इस्लामी नववर्ष और पवित्र मोहर्रम के अवसर पर जबलपुर नगर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कांग्रेस पार्षद दल ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री श्री नामदेव एवं मेंटेनेंस अधिकारी श्री कुशवाहा से भेंट कर ध्यानाकर्षण कराया। पार्षद दल ने अधिकारियों से आग्रह किया कि 5, 6, 7, 8, 9 और 10 मोहर्रम की रातों में विशेष रूप से पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाए। धार्मिक कार्यक्रमों, जुलूसों एवं ताजिया की गतिविधियाँ प्रायः रात्रिकालीन होती हैं, ऐसे में सभी मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में समय रहते समूची विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक मेंटेनेंस पूर्ण



किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कांग्रेस पार्षद दल ने विद्युत अधिकारियों से आग्रह किया कि विभागीय टीम द्वारा पहले से सर्वे कर आवश्यक मरम्मत, बल्ब/स्ट्रीट लाइट परिवर्तन आदि कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएँ, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की संभावना न रहे। इस अवसर पर पार्षद याकूब अंसारी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद वकील अंसारी, हाजी हामिद मंसूरी, राजेश दीवान, टीपू सुल्तान, शाहरुख अंसारी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इटावा में अमानवीय घटना के विरोध में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव समाज के लोगों के प्रति की गई अति संवेदनशील अमानवीय घटना के विरोध में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर की ओर से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को जबलपुर घंटाघर में दिया गया। बताया गया स्वतंत्र भारत में आज भी कुछ लोग जातिवाद की घृणित मानसिकता व विचारधारा से ग्रसित होकर देश के लोगों की आपसी समरसता भाईचारा को छिन्न-भिन्न कर जातिवाद रूपी जहर फैलाकर देश की एकता को नष्ट करना चाहते हैं, जिसका ज्वलंत उदाहरण है उत्तर प्रदेश में इटावा जिले की बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुरा गांव में 22 जून 2025 को घटित घटना, जिसमें श्रीमद् भागवत कथावाचक मुकुटमणि यादव एवं उनके सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट, जबरन बाल (चोटी) काटना



और सभी लोगों का मुंडन कराना तथा जमीन में नाक रगड़कर जातिगत अपमान करने, घृणित व मानवीय कृत्य का वीडियो बनाकर बहुत ही शर्मनाक तरीके से सोशल मीडिया में वायरल किया गया।इन लोगों ने भारतीय संविधान की आत्मा व सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा को नष्ट करने एवं देश के संपूर्ण यादव समुदाय को चोट पहुंचाने का काम किया है तथा इन सभी ने देश की एकता अखंडता को नष्ट करने व जातिगत जहर घोलने का अपराध किया है, ऐसे लोगों की निंदा भारतीय संविधान का सम्मान करने वाले एवं संविधान को मानने वाले करते हैं, ऐसे मनुवादी विचारधारा रखने वालों को संविधान के अनुरूप दंडित किया जाए। इस घटना से देश का सभी यादव समाज दुखी है, ऐसे लोगों के खिलाफ शासन को कार्यवाही करना चाहिए। इन मांगों को लेकर यादव समाज द्वारा जबलपुर घंटाघर में समाज के बंधुओं के साथ प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन को डिप्टी कलेक्टर के द्वारा लिया गया और जांच करने का आश्वासन दिया गया। आज के इस कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के संभागीय अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार बडा, शहर अध्यक्ष मनोज यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, संजय यादव, राजेश यादव, सीताराम यादव, दीपक यादव, गौतम यादव, आश्रित रिंकू यादव, साहित यादव समाज के सैकड़ों लोग बैनर लेकर उपस्थित थे।

## धार्मिक वैमनस्य फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : हिंदू धर्म सेना

**जबलपुर।** हिन्दू धर्म सेना द्वारा एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया. जिसमें एक फेसबुक यूज़र द्वारा सोशल मीडिया पर खुले तौर पर हिन्दू धर्म, ब्राह्मण समाज, धार्मिक आयोजनों, पूजा-पाठ एवं कांवड़ यात्रा के विरुद्ध किए गए आपत्तिजनक, उकसाऊ और घृणास्पद पोस्टों को लेकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा लगातार कांवड़ यात्रा में भाग न लेने, ब्राह्मणों से विवाह, अंतिम संस्कार, कथा न कराने, पूजा-पाठ बंद करने, "दान-पुण्य न देने" जैसे भड़काऊ और समुदाय विशेष को लक्षित कर अपमानजनक बातें फला रहा है ।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा, सौरभ रैकवार, तरुण नागिया, कपिल रैकवार, आशीष रैकवार, आकाश रैकवार, आकाश दुबे, शुभम यादव आदि हिन्दू धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र 11/2025-26/ दिनांक 27-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिशिर उइके पिता श्री संजय उइके ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक म. नं. 03 गौरव परिसर जिडास कालेज रोड सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000379129 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 830 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट, प्रथम तल 700 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संतोष केशरवानी पिता लक्ष्मी केशरवानी , श्रीमति सीमा केशरवानी पति श्री संतोष केशरवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

यहां से 500 से 600 किलोमीटर दूर इलाकों में जाता है आम

# करोंद मंडी में रोजाना 20 से 30 ट्रक आम की आवक हर रोज बिकता है 4 करोड़ रुपए से अधिक का आम

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के करोंद स्थित थोक फल मंडी में इन दिनों फलों का राजा कहे जाने वाले आम की बंपर 20 से 30 ट्रक की रोजाना आवक है, जो वैरायटी और क्वालिटीनुसार 10 रुपए से 65 रुपए किलो तक के थोक भाव पर बिकता है। फल व्यापारियों की माने तो करोंद फल मंडी से आम की सप्लाई 500 से 600 किलो मीटर दूर शहरी और ग्रामीण इलाकों में होती है।

मंडी में हो रही आवक के अनुमान से बताया जा रहा है कि थोक फल मंडी में हर रोज 4 करोड़ रुपए से अधिक का आम बिकता है। फल व्यापारी साजिद मौलाना ने बताया कि मंडी में बादाम 50 से 65 रुपए, तोतापरी 25 से 30 रुपए, दशहरी 10 से 25 रुपए , लंगड़ा 20 से 40 रुपए,चौसा 40 से 50 रुपए और सफेदा आम 40 से 50 रुपए प्रति किलो थोक भाव पर बिक रहा है। इसकी आवक 20 से 30 ट्रक (एक ट्रक में 15 से 16 टन आम) रोजाना की है जो स्थानीय बाजारों के अलावा बासौदा, विदिशा, होशंगाबाद, इटारसी, बड़वानी सहित आसपास के सुदूर 500 से 600 किलो मीटर के क्षेत्रों में जाता है। फल व्यापारी साजिद मौलाना के अनुसार मंडी आम की बंपर आवक है। जितना आम आता है हर रोज बिक जाता है। थोक फल विक्रेता संघ के अध्यक्ष कमल शेजवार बताते हैं कि आंध्रप्रदेश से बादाम , बैंगलुरू से तोतापरी, उत्तरप्रदेश से लंगड़ा और दशहरी, गुजरात के केसर आम के अलावा महाराष्ट्र और लोकल आम की आवक है। उन्होंने अनुसार दुनियाभर में आम की 1500 से ज्यादा किस्में है, लेकिन स्वाद और सेहत लिए के हिसाब से सर्वाधिक डिमांड बादाम, तोतापरी, सिंदूरी, हापुस , दशहरी, लंगड़ा , सफैदा और केसर की खूब होती है।





## खाद्य तेलों के लिए मानक मैकेजिंग नियम को दोबारा लागू करने का आग्रह

एजेंसी. नई ⏭ दिल्ली

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सी) ने सरकार से आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए खाद्य तेलों के वास्ते मानक (स्टैण्डर्ड) मैकेजिंग नियम को दोबारा प्रभावी बनाने का आग्रह किया है।

एसोसिएशन के अनुसार लीगल मैट्रोलॉजी (पैकेज्ड कॉमोडिटीज) रूल्स, 2011 में पहले अनुसूची 2 भी शामिल थी जिसमें कुछ खास उत्पादों की पैकिंग के लिए लिए वजन, माप एवं संस्था की मानक मात्रा निर्धारित की गई थी लेकिन वर्ष 2022 में किए गए संशोधन के बाद इसमें से अनुसूची 2 को हटा दिया गया।

### बाजार में 800 ग्राम, 810 ग्राम एवं 870 ग्राम जैसी पैकिंग की भरमार

*इसके फलस्वरूप खाद्य तेलों के पैकर्स को अपनी मर्जी से पैकिंग का स्तर निर्धारित करने की स्वतंत्रता मिल गई और इसका दाम भी अलग-अलग नियत किया जाने लगा।इसके चलते उपभोक्ता में भ्रम की स्थिति पैदा होने लगी। बाजार में खाद्य तेलों की 800 ग्राम, 810 ग्राम एवं 870 ग्राम जैसी पैकिंग की भरमार हो गई। इससे उपभोक्ता असमंजस में फंस गए हैं और कीमतों में तुलना का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया है। ये पैक साइज ऊपर से देखने में समान लगते हैं और इसके लेवल पर कोई विशेष जानकारी भी नहीं होती है जबकि इसमें खाद्य तेल की मात्रा मानक स्तर से कम होती है। दरअसल आमतौर पर खाद्य तेलों की बिक्री उच्चतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कम दाम पर की जाती है इसलिए खरीदारों को तुलना करने में कठिनाई होती है। एसोसिएशन के मुताबिक उपरोक्त कारणों से बाजार में असमान प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और खाद्य तेल के विक्रेता अनुचित कारोबार की प्रक्रिया अपनाकर ग्राहकों को नुकसान पहुंचाते हैं। यह स्थिति उद्योग एवं उपभोक्ताओं के लिए सही नहीं है।*

## डीएस ग्रुप की पल्स कैंडी बनी 750 करोड़ की उपभोक्ता ब्रांड

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी समूहों में से एक धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने अपनी लोकप्रिय ब्रांड पल्स को लेकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2024-25 में पल्स कैंडी ने उपभोक्ता मूल्य पर 750 करोड़ से अधिक की बिक्री दर्ज की है, यानी एक साल में 750 करोड़ पल्स कैंडीज़ बिकीं – जिससे यह भारत की सबसे ज़्यादा वितरित हार्ड बॉयल्ड कैंडी बन गई है। यह उपलब्धि पिछले 9 वर्षों से पल्स की मज़बूत मार्केट लीडरशिप और उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्थायी लोकप्रियता को दर्शाती है। बाज़ार आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में पल्स कैंडी भारत के हार्ड बॉयल्ड कैंडी खंड में 19 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखती है और लगातार आगे बढ़ रही है। प्रतिस्पर्धा से भरे इस क्षेत्र में यह बड़ी हिस्सेदारी उपभोक्ता आकर्षण और दोबारा खरीद की दर का प्रमाण है।

## जेएसडब्ल्यू ने किया एक्जो नोबेल का अधिग्रहण

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू पेंट्स लिमिटेड ने एक्जो नोबेल एनवी और उसके सहयोगियों से एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड में 74.76 फीसदी तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निर्णायक समझौता किया। शेयर खरीद समझौते के तहत अधिकतम हस्तांतरण मूल्य 8,986 करोड़ तक होगा, जो कुछ समापन समायोजनों पर निर्भर करेगा। प्रस्तावित हस्तांतरण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से अनुमोदन और एएनआईएल के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए अनिवार्य निविदा प्रस्ताव के पूरा होने पर निर्भर होगा। जेएसडब्ल्यू पेंट्स, भारत की सबसे तेज़ी से वृद्धि दर्ज करती पेंट कंपनी है और यह 23 अरब अमेरिकी डॉलर के जेएसडब्ल्यू ग्रुप की अंग है, जो भारत का अग्रणी औद्योगिक समूह है।

## पाइन लैब्स ने दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

**मुंबई** पाइन लैब्स लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्डके पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस प्रस्ताव में दो भाग शामिल हैं पहला 92,600 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और दूसरा 1,47,822,225 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में पाइन लैब्स ने अपने प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कुल 7,531.05 बिलियन का ग्रॉस ट्रांजैक्शन वैल्यू और 3.97 बिलियन लेनदेन प्रोसेस किए।

## सिडार टैक्सटाइल का आईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** सिडार टेक्सटाइल लिमिटेड ने अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम सोमवार, 30 जून 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य 60.90 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाना है। शेयर एनएसई इमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू में कुल 43,50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए है और प्राइस बैंड 130 से 140 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। एंकर बोली प्रक्रिया 27 जून 2025 खुली ।

## मप्र पर्यटन विभाग और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माण और क्रिएटिव उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) और मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इस समझौते का उद्देश्य राज्य में फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शिक्षा, स्किल डवलपमेंट, और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। एमओयू के माध्यम से युवाओं को फिल्म निर्माण, सक्रिप्ट राइटिंग, कैमरा ऑपरेशन, एडिटिंग, और प्रोडक्शन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे तेजी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्री में सफल करियर बना सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी की विशेष उपस्थिति रही। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति डॉ. विजय सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सीतेश सिन्हा, विश्वरंग फाउंडेशन सीईओ विकास अवस्थी एवं अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस साझेदारी को और सशक्त बनाया।



## जियो ब्लैक रॉक ब्रोकिंग को 'ब्रोकरेज बिजनेस' के लिए सेबी की मंजूरी

एजेंसी ⏭ मुंबई

जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग) को भारत में ब्रोकरेज फर्म के रूप में काम करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग, भारतीय निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटी खड़ी करना चाहती है। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग। हाल ही में जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को म्यूचुअल फंड मार्किट में उतरने और निवेश सलाहकार के तौर पर काम शुरू करने की नियामकीय मंजूरियों मिली थी। अब ब्रोकिंग लाइसेंस की प्राप्ति से जियो ब्लैकरॉक संयुक्त उद्यम भारत के लोगों को व्यापक निवेश सॉल्युशनंस दे सकेगा। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिलग्रेम ने कहाकि जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को सेबी की मंजूरी मिलने से हम बेहद खुश है। अब हम भारत को 'बचतकर्ताओं के देश' से 'निवेशकों के देश' में बदलने में मदद कर पाएंगे। जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के साथ, हम खुदरा निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे सकेंगे। ब्रोकरेज बिजनेस के साथ, हम निवेशकों के लिए एक एग्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हितेश सेठिया ने कहाकि ये हमारे लिए रोमांचक समय है। एक तरफ जियोब्लैकरॉक की एसेट मैनेजमेंट बाजार में म्यूचुअल फंड पेश करने की तैयारी कर रही है, जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स ऑपरेशन शुरू करने जा रही है, तो दूसरी तरफ ब्रोकिंग इकाई की मंजूरी मिलने से हमारी रणनीति में एक नया आयाम जुड़ा है।

## पीएनजी ज्वेलर्स ने किया हल्के आभूषण सेगमेंट में प्रवेश

**नई दिल्ली।** पीएनजी ज्वेलर्स ने पुणे में अपने समकालीन सब-ब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की। यह लांच पीएनजी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह हर रोज पहनने के लिए हल्के, डिजाइन-फॉरवर्ड आकर्षक आभूषणों के माध्यम से आभूषण खरीदारों की अगली पीढ़ी से जुड़ता है। 18 कैरेट और 22 कैरेट सोने में तैयार लाइट स्टाइल 25-40 वर्ष की आधुनिक, स्टाइल के प्रति सजग महिलाओं के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने पुणे के खराडी और वाकड में लाइट स्टाइल के दो स्टोर शुरू किए जाएंगे, जिनका उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री सई ताम्हण करके हाथों से किया जाएगा।



### आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929595380 (रायपुर /27/जून 25)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851 (रायपुर /26/जून 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** – कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** – कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** – परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## लॉरिट्ज नुडसेन ने लांच किया पोर्टफोलियो

**नई दिल्ली ।** प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लांच किया। यह कदम भारत के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स और विकास गलियारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी। इसका उद्देश्य भारत के विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के केंद्रों में तकनीकी अपनाने की गति को बढ़ाना है।

कम वोल्टेज समाधानों, औद्योगिक ऑटोमेशन और नई ऊर्जा आवश्यकताओं पर गहरे फोकस के साथ, लॉरिट्ज़ नुडसेन एक तकनीक-आधारित बदलाव को आगे बढ़ा रहा है, जो भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरों तक पहुंचता है।


## बीईएमएल के अध्यक्ष ने रखी बिलासपुर में केंद्रीय वेयर हाउसिंग केंद्र की आधारशिला

एजेंसी ⏭ बिलासपुर

मध्य भारत में अपनी औद्योगिक उपस्थिति को मजबूत करने की एक बड़ी पहल के तहत, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शांतनु रॉय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से रायपुर में मुलाकात की और राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की।

इस दौरान राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी और अधोसंरचना, रक्षा एवं खनन क्षेत्रों में भविष्य की सहयोग संभावनाओं पर चर्चा की। । छत्तीसगढ़ सरकार ने बीईएमएल को अत्याधुनिक खनन उपकरण निर्माण इकाई की स्थापना के लिए 100 एकड़ भूमि आवंटित की थी। आगामी सुविधा मध्य भारत के खनिज समृद्ध क्षेत्र में उन्नत और स्वदेशी रूप से विकसित खनन मशीनरी की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। बीईएमएल ने बिलासपुर में एक आधुनिक केंद्रीय वेयरहाउसिंग केंद्र की आधारशिला भी रखी है। यह सुविधा एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित होगी, जो बीईएमएल के प्रमुख क्षेत्रों रक्षा, रेल और मेट्रो, तथा खनन और निर्माण में आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता और सेवा वितरण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाएगी। इस अवसर पर दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान, बीईएमएल लिमिटेड के निदेशक (वित्त) अनिल जेरथ तथा निदेशक (खनन एवं निर्माण) संजय सोम सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शब्द पहेली - 5911



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5910 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5921

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5920 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# नई एक्ट्रेस के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने दिए पोज...

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कोरियन एक्ट्रेस के साथ पार्क में टहल रहे हैं और कई बेहतरीन पोज दे रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा 'अगर ये कोई फिल्म होती तो इसका क्या नाम होता?' उनके साथ हंस रहे हैं और मुस्कुरा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सफेद टी-शर्ट और काली पैंट पहनी है। उन्होंने ऊपर से शर्ट पहनी हुई है। वहीं, चाए सू-बिन ने स्कर्ट और टॉप पहना है। ऊपर से स्वेटर पहना है। दोनों चप्पल का विज्ञापन कर रहे हैं। गली बॉय और गहराइयां जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके सिद्धांत जल्द ही फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# रश्मिका

## अंधेरे जंगल में भाला लिए आईं नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में रश्मिका मंदाना धनुष अभिनीत 'कुबेर' से चर्चा में हैं। अभिनेत्री इसके अलावा कई और प्रोजक्ट्स पर काम कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें वो एक योद्धा के रूप में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है।

अभिनेत्री रश्मिका मंदान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की हैं। इसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्हें योद्धा के अवतार में देखा जा सकता है। पोस्टर में अभिनेत्री का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है, लेकिन वो रौद्र रूप में दिख रही हैं और उनके हाथ में भाला भी है। उनके चारों तरफ तबाही का मंजर है और कुछ लोग उन पर हमला करने के लिए उनका पीछा कर रहे हैं, जिनका अभिनेत्री डटकर सामना करती दिख रही हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी आगामी फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए, फिल्म के बारे में बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया की फिल्म के टाइटल की घोषणा शुक्रवार यानी कि 27 जून को सुबह 10 बजकर 8 मिनट पर होगी। इसके साथ ही अभिनेत्री ने स्टोरी के कैप्शन में लिखा कि उनकी इस फिल्म का टाइटल क्या होगा कोई बता सकता है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें लगता है कि कोई नहीं बता सकता, लेकिन अगर कोई बता देता है तो वह उनसे जरूर मिलेंगी। रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो इस समय अभिनेत्री धनुष की कुबेर में नजर आ रही हैं। वहीं, उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो वह हिंदी फिल्म थामा के अलावा एक साउथ फिल्म में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



## दिग्गज कलाकारों के साथ किया काम

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय इतालवी अभिनेत्री ली मसारी नहीं रहीं। माइकल एंजेलो एंटोनियोनी की एल'अवेंतूरा (1960), डिनो रिसी की ए डिफिकल्ट लाइफ (1961) और लुइस मैले की मर्मर ऑफ द हार्ट (1971) में अपनी भूमिकाओं के लिए वे दर्शकों के बीच लोकप्रिय थीं। ली मसारी की उम्र 91 वर्ष थी। ली मसारी का सोमवार को रोम स्थित उनके घर पर निधन हो गया। फिल्मों, टेलीविजन और थिएटर में दशकों लंबे करियर में मसारी ने एलेन डेलन, जीन पॉल बेलमोंडो, मिशेल पिकोली और उमर शरीफ जैसे कलाकारों के साथ काम किया।



## हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन की रफ्तार हुई धीमी

**मुंबई।** इन बॉलीवुड फिल्मों के बीच अंग्रेजी फिल्म हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है। हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन के हिंदी वर्जन ने 13वें दिन बुधवार को सिर्फ 8 लाख रुपए का कलेक्शन किया। जबकि अंग्रेजी वर्जन की कमाई 31 लाख रुपए रही। अगर, फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो भारत में ये फिल्म अब तक कुल 21.58 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। वहीं, आमिर खान की सितारे जमीन पर लगातार लोगों की प्रशंसा बटोर रही है। साथ ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। 'सितारे जमीन पर' ने बुधवार को अपने छठे दिन 6.77 करोड़ रुपए की कमाई की। इससे पहले पांचवें दिन फिल्म का कलेक्शन 8.5 करोड़ रुपए रहा था। इस तरह से आमिर की फिल्म छह दिनों में 81.92 करोड़ रुपए का कारोबार कर चुकी है।



## वॉर-2 में एक्शन मूड में दिखीं कियारा

**मुंबई।** इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर जैसे सुपरस्टार नजर आएंगे। इसके साथ ही फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी का भी एक्शन अवतार दिखेगा, जिसकी उन्होंने एक झलक दिखाई है। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पर गुरुवार के दिन कुछ पोस्ट शेयर किए हैं। एक पोस्ट में अभिनेत्री को एक्शन मोड में देखा जा सकता है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और हाथ में बंदूक लेकर किसी की ओर निशाना लगाने का प्रयास करती दिख रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने पोस्टर के जरिए बताया कि यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में रिलीज की जाएगी। वहीं एक्ट्रेस ने कहा कि 50 दिनों बाद 'वॉर 2' सिनेमाघरों में होगी।



## रंग दे बसंती में लीड रोल ऑफर पर भड़के

**मुंबई।** बॉलीवुड के दमदार अभिनेता मनोज बाजपेयी एक बार फिर अपनी बेबाकी को लेकर चर्चा में हैं। इस बार वजह बनी एक वायरल रिपोर्ट, जिसमें दावा किया गया कि उन्हें 'रंग दे बसंती' फिल्म में आमिर खान के किरदार के लिए पहली पसंद बताया गया था। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि मनोज के जवाब न देने के कारण फिल्म छह साल तक टल गई। लेकिन, जब ये खबर मनोज तक पहुंची, तो उन्होंने तुरंत सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी और इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया। मनोज ने पोस्ट में लिखा, 'और ये प्रोड्यूसर कौन है जिसने ऐसा कहा? नाम तो बताओ! सोशल मीडिया पर इतने खाली लोटा लेकर बैठे हैं!' इस एक लाइन में ही उन्होंने न सिर्फ झूठी खबर फैलाने वालों की आलोचना की। बल्कि बिना तथ्यों के अफवाहें फैलाने वाले प्लेटफॉर्म्स पर भी तंज कसा।

टीवी मसाला



## एडवोकेट अंजली अवस्थी में आएगा 20 साल का लीप...

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का जाना-माना कोर्टरूम ड्रामा एडवोकेट अंजली अवस्थी अब 20 साल का बड़ा लीप लेने वाला है, जिससे शो की कहानी एक नए और दमदार मोड़ पर पहुंचने वाली है। सच और इंसाफ के लिए लड़ाई दिखाने वाले इस शो में अब तक अंजली अवस्थी की कहानी दिखाई गई है, जो एक निडर और ईमानदार वकील है। उसने हर बार सच्चाई के लिए आवाज उठाई और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ी रही। उसकी तेज सोच और मजबूत इरादों ने उसे दर्शकों के लिए उम्मीद और हौसले की मिसाल बना दिया है। अब मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें इस 20 साल के लीप की झलक दिखाई गई है। अब कहानी में अगली पीढ़ी की एंट्री के साथ एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में इस बदलाव की झलक दिखाई गई है, जहां यह साफ हो जाता है कि अब नई कहानी की कमान संभालेंगी अंजली अवस्थी की बेटी, आरती अवस्थी। जैसे ही एडवोकेट अंजलि अवस्थी की विरासत अब अगली पीढ़ी के साथ आगे बढ़ती है, दर्शकों को एक बार फिर देखने को मिलेगा इमोशन्स, ड्रामा और कोर्टरूम की तीखी टक्कर का नया दौर। ये लीप जहां कहानी में नई ऊर्जा लेकर आएगा, वहीं इंसाफ, सच्चाई और हिम्मत जैसे मूल्यों से जुड़ी उस पुरानी जड़ को भी मजबूती से थामे रहेगा, जिसने इस शो को खास बनाया है।

## बिग बॉस फेम ऐश्वर्या ने तलाक की अफवाहों पर लगाया विराम

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर जोड़ी ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट अक्सर अपने अभिनय के साथ-साथ अपने रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। बीते कुछ दिनों से इन दोनों के रिश्ते को लेकर कई तरह की



अफवाहें सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट गॉसिप में सामने आ रही थीं। अब ऐश्वर्या शर्मा ने पति से अलग होने की खबरों पर एक बार फिर अपनी चुप्पी तोड़ी है। ऐश्वर्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उनकी चुप्पी को लोग उनकी कमजोरी समझ बैठे हैं, जबकि वो अपनी मानसिक शांति की रक्षा के लिए शांत थीं। उन्होंने ये भी साफ किया कि उन्होंने किसी मीडिया हाउस को कोई इंटरव्यू, बयान या क्लिप नहीं दी है। और उनके नाम से जो भी मनगढ़ंत बातें कही जा रही हैं, वे पूरी तरह से झूठ हैं। उन्होंने लिखा, 'अगर किसी के पास कोई असली सबूत है- मैसेज, ऑडियो या वीडियो - तो सामने लाएं।

## सन ऑफ सरदार 2 का टीजर रिलीज
### हंसी-ठहाकों के बीच दिखा शानदार एक्शन


**मुंबई।** बड़े इंतजार के बाद अजय देवगन की आगामी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का टीजर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। इसके टीजर में दिखाया गया है कि अजय देवगन एक बार फिर से जस्सी के किरदार में वापस आ रहे हैं। फिर वह एक विदेशी शादी के चक्कर में फंस जाते हैं, जिसके बाद सारा ड्रामा शुरू हो जाता है और भरपूर एक्शन भी दिखाई देता है। इसके अलावा फिल्म के टीजर में मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, विंदू दारा सिंह, चंकी पांडे, दीपक डोबरियाल, कुबरा सैत, शरत सक्सेना, अश्विनी कालसेकर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। अंत में दिखाया जाता है कि अजय देवगन पंजाब में तो सर्वाइव कर गए, पर क्या स्कॉटलैंड में टिक पाएंगे? इस टीजर में एक सीन ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसमें



दिवंगत अभिनेता मुकुल देव भी दिखाई दे रहे हैं, जो फिल्म में टोनी का किरदार निभाएंगे। पिछले महीने मई में अभिनेता का निधन हो गया था। यह उनकी आखिरी फिल्म साबित हुई। फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। वहीं फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, एनआर पचीसिया और प्रवीण तलरेजा मिलकर कर रहे हैं। यह एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। साथ ही आपको बताते चलें कि यह 2012 की फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल है। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कुली के पहले गाने चिकितु का जादू, 4 मिलियन व्यूज पार

*मुंबई। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर अपने जबरदस्त अंदाज से फैंस का दिल जीतने आ रहे हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'कुली' का पहला गाना 'चिकितु' 25 जून को रिलीज किया गया और कुछ ही घंटों में इसने इंटरनेट पर धूम मचा दी। महज तीन घंटे में ही गाने को एक मिलियन व्यूज यानी 10 लाख व्यूज मिल गए और 20 घंटे में 48 लाख व्यूज पार करते हुए, ये गाना साल के सबसे तेजी से वायरल होने वाले साउथ इंडियन ट्रैक्स में शामिल हो गया है। गाने की खास बात है इसका जबरदस्त विजुअल ट्रीट, अनिरुद्ध रविचंदर और टी. राजेंदर की एनर्जी और सैंडी*




*मास्टर की शानदार कोरियोग्राफी। गाने में रजनीकांत की स्टाइलिश एंट्री और आइकॉनिक डांस मूव्स भी देखने को मिलते हैं, जो दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं हैं। जहां रजनीकांत के एक गाने ने पहले ही फैंस को पागल कर दिया है, वहीं अब एक और बड़ी खबर सामने आई है। आमिर खान फिल्म कुली' में एक स्पेशल कैमियो करते नजर आएंगे। लेकिन, ये कोई आम कैमियो नहीं, बल्कि फिल्म के क्लाइमेक्स में आमिर और रजनीकांत के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि इस सीक्वेंस की शूटिंग राजस्थान में की गई है और आमिर ने इसके लिए करीब 10 दिन का समय दिया। ये आमिर खान का साल का सबसे चर्चित और दमदार गेस्ट अपीयरेंस माना जा रहा है, जो फिल्म को और भी ग्रैंड बनाने वाला है।*

## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ के प्रीमियर में शामिल हुए आशीष

**लॉस एंजिल्स।** आशीष चंचलानी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर स्कारलेट जोहानसन, जोनाथन बेली के मेहर्शाला अली के साथ एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'वेलमक टू जोरासिक पार्क रीबर्थ।' फिल्म के प्रीमियर के वीडियो को भी आशीष ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ की स्टार कास्ट के साथ आशीष को देखकर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। वह यूजर लिखता है, 'हमें आपके ऊपर गर्व है। एक अन्य यूजर लिखता है, 'भाई आप तो बड़े आदमी हो गए। एक और यूजर ने लिखा, आशीष, भाई आप हम सबको प्राउड फील कराते हो। आशीष की मां ने भी बेटे की इस पोस्ट पर रिएक्ट किया है, वह आशीष पर प्राउड फील कर रही हैं। आशीष चंचलानी यूट्यूब पर काफी फेमस हैं, अब तक फनी वीडियो बनाकर दर्शकों को एंटरटेन करते थे।



## हास्य में गंभीर बात कहने की कला में माहिर थे कवि सुरेन्द्र दुबे

# चोरों को चोरी करने खाली घर नहीं मिल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ी भाषा के जाने-माने कवि थे। उनका जन्म 8 जनवरी 1953 को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुआ था। अपने जीवन में उन्होंने पांच किताबें लिखीं और कई मंचों-टीवी शो में हिस्सा लिया। 2010 में भारत सरकार ने उन्हें देश के चौथे उच्चतम नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था।



### भारतीय व्यंग्यवादी और लेखक थे

सुरेंद्र दुबे कविताओं के एक भारतीय व्यंग्यवादी और लेखक थे, वह पेशे से एक आयुर्वेदिक चिकित्सक भी थे। सुरेन्द्र दुबे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों में शुमार थे। वे छत्तीसगढ़ ही नहीं, देश-विदेश में भी अपनी कविताओं से लोगों को हंसाते थे। वे अपनी पंक्तियों के जरिए लोगों को खुश कर देते थे। उन्होंने कोरोनाकाल में उदासी के माहौल को दूर करने के लिए एक कविता भी लिखी थी।

### कोरोना काल में लिखी रचना

हम हंसते हैं लोगों को हंसाते हैं इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, चलिए एंटीबॉडी बनाते हैं, घिसे-पिटे चुटकलों में भी हंसो, कोरोना के आंकड़ों में मत फंसो, नदी के बाढ़ का धीरे-धीरे पानी घट जाता है, कुत्तों को भौंकने के लिए आदमी नहीं मिल रहे, चोरों को चोरी करने खाली घर नहीं मिल रहे, सुबह-शाम टहलने वाले अब कद्दू की तरह फूल रहे, स्कूल बंद हैं, बच्चे मां-बाप के सिर पर झूल रहे, दूध बादाम मुनक्कका विटामिन सी खाओ, कोरोना का दुखद समाचार मत सुनाओ, अब भी वक्त है तीसरी लहर में संभल जाओ हंसो-हंसाओ और एंटीबॉडी बनाओ।

### कई राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों का हिस्सा रहे

वैसे तो साहित्य में हास्य और व्यंग्य को अक्सर हल्के में लिया जाता है, लेकिन डॉ. दुबे जैसे कवियों ने इसे गंभीर साहित्यिक विधा बना दिया। उनकी कविताएं केवल हंसी नहीं देती थीं, वे लोगों को भीतर झांकने का मौका भी देती थीं। मंच पर उनका आत्मविश्वास, प्रस्तुति की शैली और चुनी हुई शब्दावली श्रोताओं को बांधकर रखती थी। वे कई राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों का हिस्सा रहे, दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर भी उन्होंने अपनी उपस्थिति से कविताओं को घर-घर पहुंचाया। हास्य में गंभीर बात कहने की जो कला उन्होंने विकसित की, वह उन्हें समकालीन कवियों से विशेष पंक्ति में खड़ा करती है।



### छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति के थे प्रतिनिधि

डॉ. दुबे छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति के सशक्त प्रतिनिधि माने जाते थे। उनकी हास्य शैली में सामाजिक व्यंग्य और चुटीले तर्क होते थे, जो हर वर्ग के लोगों को हंसी में डुबो देते थे। डॉ. दुबे न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश भर के साहित्य प्रेमियों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। हास्य और व्यंग्य के क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

### 2010 में भारत सरकार ने दिया था पद्मश्री पुरस्कार

*सुरेंद्र दुबे का जन्म 8 जनवरी 1953 को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं। वह कई मंचों और टेलीविजन शो पर भी प्रस्तुति दे चुके थे। उन्हें भारत सरकार ने 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन की ओर से शिकागो में पद्मश्री डॉ. सुरेन्द दुबे को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया था। बता दें कि अमेरिका में सुरेंद्र दुबे एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर काव्य पाठ कर चुके थे। वह 2008 में काका हाथरसी हास्य रत्न पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं।*

# भारतीय बल्लेबाज जो एजबेस्टन में कर चुके हैं रनों की बारिश

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन के मैदान पर खेला जाएगा, जो इंग्लैंड के लिए हमेशा से एक मजबूत किला रहा है। इस मैच से पहले एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के उन बल्लेबाजों के आंकड़े जानना दिलचस्प होगा, जिन्होंने इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हारने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेलने उतरने वाली है। भारतीय टीम सीरीज में वापसी की उम्मीद लेकर उतरेगी। ऐसे में एजबेस्टन का मैदान भारत के लिए कितना शुभ साबित हो सकता है, इसका अंदाजा वहां बल्लेबाजों के प्रदर्शन से लगाया जा सकता है। दूसरे मुकाबले से पहले जान लेते हैं एजबेस्टन में टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज कौन-कौन रहे हैं?



### विराट कोहली (231 रन)

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने यहां पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। दो मैच की 4 पारियों में उन्होंने 57.75 की उम्दा औसत के साथ 231 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। कोहली का इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन रहा था।



### सुनील गावस्कर (216 रन)

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने 1974 में इस मैदान पर पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 1986 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 36 की औसत से 216 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 रन रहा था। गावस्कर इस मैदान पर शतक नहीं लगा पाए थे।

### सचिन तेंदुलकर (187 रन)

एक और पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1996 में पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 2011 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 2 मैच की 4 पारियों में 46.75 की उम्दा औसत के साथ 187 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 रन रहा था।

### पंत (203 रन), जडेजा (104 रन)

तीसरे स्थान पर हेडिंग्ले में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने यहां अपना एकमात्र मुकाबला साल 2022 में खेला था। उस मैच की 2 पारियों में उन्होंने 203 रन जड़ दिए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। बता दें कि 2022 में जिस पारी में पंत ने शतक लगाया था, उसी पारी में रविंद्र जडेजा ने भी 13 चौकों की मदद से 104 रन बनाए थे।

## इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे

### जो रूट (920 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट हैं, जिन्होंने एजबेस्टन के मैदान पर साल 2015 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अब तक वह इस मैदान पर 9 टेस्ट की 16 पारियों में 70.76 की औसत से 920 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां 3 शतक और 5 अर्धशतक दर्ज हैं।



### एलिस्टेयर कुक (869 रन)

दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व महान सलामी बल्लेबाज और कप्तान रहे एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 2006 में खेला था। आखिरी बार वह 2018 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 10 मुकाबलों की 16 पारियों में 57.93 की शानदार औसत के साथ 869 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे।

## एआईटीए की कार्यकारिणी ने धूपर को हटाया

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया।

## डोपिंग मामले में धाविका ट्विंकल चौधरी निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है क्योंकि उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोपिंग का रिकॉर्ड बहुत खराब है।

विम्बलडन

# अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से भिड़ेंगे



एजेंसी ▶▶| लंदन

दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी।

इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है।

### गॉफ को सोफिया केनिन से भिड़ना होगा

तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था। गत चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा पहले दौर में एलेक्जांड्रा इयाला से भिड़ेगी।




**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक- प्र.का. से./का. से. /2025-26/212 — दिनांक 24/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / मौजा कछ्पुरा नं.बं. 501 प.ह.नं. 25/31 खसरा नं. 68/1/1 एवं 67/1 कुल रकबा 1.088 हेक्टेयर (10880 वर्गमीटर) में से 1.062199 हेक्टेयर (10621.99 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (वैष्णवी परिसर) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कालोनाईजर श्री वैष्णों डेवलपर्स पार्टनर श्री ताराचंद खत्री एवं श्री धर्मेन्द्र कुमार मंगलानी, फ्लैट 901 एवं 902, 9th फ्लोर, ओजस इम्पीरिया जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यो के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है :-

भूखण्ड क्रमांक - 2, 3, 49, 50, 51, 52 कुल 6 नग क्षेत्रफल 700.20 वर्गमीटर

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम, जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र./लो.क.वि./2025/488 — रिसाली, दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. | 170888 | 18587180.00 | 15-07-2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली



**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-181/निर्माण/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 25.06.2025

**अनाधिकृत कॉलोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत अनाधिकृत रूप से निर्मित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधानों की कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अत: नीचे लिखी अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये गये भूखण्ड, कोई अन्तरण हेतु किसी भी प्रकार का करारनामा शून्य होगा। निम्न भूमियों के अंदर में कोई क्रय/विक्रय किया जाना म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) के तहत दण्डनीय अपराध है।

| क्र. | वार्ड क्र./ मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम / पता | ग्राम/पटवारी /तहसील/ हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 44 | श्री सुरेश पाठक, श्री विष्णू पाठक पिता श्री रामनिवास पाठक, श्री रामशंकर पाठक पिता श्री रामानुज पाठक<br>पता :- ग्राम चिरहुला, तहसील हुजूर नगर रीवा (म.प्र.)<br>हाल मुकाम :- वार्ड क्र. 44 गड्डी रोड, रीवा (म.प्र.) | चिरहुला, तहसील हुजूर (नगर) | 317 | 4.921 हे. |

उपरोक्तानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
( आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

कार्यपालन यंत्री / नोडल अधिकारी
(कालोनी सेल) जोन क्र. 04 हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**

Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecib@yahoo.com

निविदा क्र. 05 /2025-26 / तक./का.यं. / लो.स्वा.यां. मैके खण्ड / — जबलपुर दिनांक 26.06.2025

**द्वितीय ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत सिवनी जिले के भण्डार गृह में रखी गयी अनुपयोगी (स्क्रेप) सामग्री के अपलेखन हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "जी" पर अधिकतम दर पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा कमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 05/2025-26 | 2023-PHED-433109-1 | सिवनी जिले के भण्डार गृह में अनुपयोगी स्क्रेप सामग्री की नीलामी अनु. 1390 कि.ग्रा. | 1076650 | 21533 | 2000 | 25.06.2025 | 09.07.2025 |

नोट :-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों मे नही होगा। निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण का अवलोकन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता हैं

(एस.के.कुरील) कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, जबलपुर

G-14886/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-103-2025, दिनांक: 24/06/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सतना - मानिकपूर और सतना - रीवा खंड में यार्डों में सुधार के संबंध में सीटीआर 1.491 किमी, टीटीआर (एफएस + टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएस) 1/12 -16 संख्या, 1/8.5 43 संख्या, टीटीआर (टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएससी) 1/12 - 11 संख्या, 1/8.5 - 19 संख्या और टीटीआर (एफएस) 1 in 8.5 - 1 संख्या का कार्य एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सतना-मानिकपुर खंड के सगमा, मारकुंडि और बारामाफी स्टेशनों पर लाइनों की क्लियर स्टैंडिंग लेंग्थ / क्लियर स्टैंडिंग रूम की वृद्धि। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,30,74,594/- **बयाना राशि:** ₹ 3,15,400/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 18.07.2025 **निविदा खुलने का खुलने समय 15.15 बजे तिथि:** 18.07.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग सुविधा एवं उन्नयन के विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना:** EL-G-E-OT-25-26-08 दिनांक: 18.06.2025
**कार्य:** नागपुर मंडल के केल्ज़र (KEZ) गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण कार्य।
**निविदा मूल्य:** ₹ 37,56,246/-,
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 75,100/-

**2. निविदा सूचना:** EL-G-E-OT-25-26-09 दिनांक: 18.06.2025
**कार्य:** विद्युत कार्यों के लिए: **(A)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**मुढ़ीपार**)। **(B)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**सालेकसा**)। **(C)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**आमगांव**)। **(D)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**छिंदवाड़ा**)। **(E)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**तिरोड़ा**)। **(F)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**भंडारा**)। **(G)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**चाचेर**)। **(H)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**घंसौर**)। **(I)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**नैनपुर**)। **(J)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**चौराई**)। **(K)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**भोमा**)। **(L)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**पलारी**)। **(M)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**केल्ज़र**)। । **(N)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**बालाघाट**)। । **(O)** ट्रैक मशीन के लिए साइडिंग सुविधा और ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में अपेक्षित बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान (**चारेगांव**)।
**निविदा मूल्य:** Rs. 2,07,08,635/-,
**बिड सेक्युरिटी:** Rs. 2,53,600/-
**निविदा प्रस्तुति तिथि:** दिनांक **04.07.2025** से **18.07.2025** के **15:00** बजे तक।
**निविदा खोलना:** दिनांक **18.07.2025** को।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (आरएसएंडजी)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G),
MS/11-50 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी**

नगर पालिका चौराहा, एन.एच. 7 मार्ग, जिला- सिवनी (म.प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in — Phone: 07692221301

**/ /ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

पत्र क्रमांक / 1688-/भण्डार शाखा/न.पा.प/ 2025 — सिवनी, दिनांक 27/06/2025

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निकाय में विभिन्न शाखाओं में आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर सामग्री की ऑनलाईन दरें (Item Rate) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी शर्ते एवं टेण्डर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। ई - निविदायें टेण्डर की निर्धारित तिथि (की डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | प्रस्तावित कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_433695 | निकाय में विभिन्न शाखाओं में कम्प्यूटर सिस्टम की सामग्री आवश्यकता है। | 8,00,000<br>365 दिवस | 2000/-<br>8000/- | 14.07.2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर**

Web site:-www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

निविदा सूचना क्रमांक 16/2025-26 व ले.लि. — **निविदा सूचना** — जबलपुर, दिनांक. 25/06/2025

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. मे) | अमानत की राशि (रू. मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) मे | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _433052_1 | मण्डला जिले के वि / यां नेनपुर सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू / एम.ओ.डब्ल्यू / डिपोजिट विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 8.00 Lakh | Rs. 16000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 2 | 2025_PWDRB _433053_1 | सिवनी जिले के वि / यां हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू / एम.ओ.डब्ल्यू / डिपोजिटविद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 12.00 Lakh | Rs. 24000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. द्वितीय कॉल |
| 3 | 2025_PWDRB _433054_1 | सिवनी जिले के केवलारी सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू / एम.ओ. डब्ल्यू /डिपोजिट विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 8.00 Lakh | Rs. 16000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. द्वितीय कॉल |
| 4 | 2025_PWDRB _433055_1 | डिडोरी जिले के वि / यां हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू / एम.ओ.डब्ल्यू / डिपोजिट विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | Rs. 20000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. द्वितीय कॉल |
| 5 | 2025_PWDRB _433056_1 | जबलपुर जिले के वि/यां हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू /एम.ओ.डब्ल्यू / डिपोजिट विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 19.50 Lakh | Rs. 39000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 6 | 2025_PWDRB _433057_1 | जबलपुर जिले के वि/यां हेड क्वाटर सेक्शन के एच.टी / एल.टी लाईन ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का विद्युतीकरण कार्य | Rs. 19.50 Lakh | Rs. 39000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 7 | 2025_PWDRB _433059_1 | जबलपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन अंतर्गत एयरकंडिश्नर मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य | Rs. 5.00 Lakh | Rs. 10000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 8 | 2025_PWDRB _433061_1 | जबलपुर जिले के वि/यां हाईकोर्ट सेक्शन के अंतर्गत ओ.डब्ल्यू / एम.ओ.डब्ल्यू / डिपोजिट विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 9 | 2025_PWDRB _433063_1 | जबलपुर जिले के सिविल लाईन स्थित एम.एम.वी. सेक्शन के अंतर्गत जजेस बंगलों एवं अन्य बंगलों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य। | Rs. 19.50 Lakh | Rs. 39000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/ 2025 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12/07/2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-14903/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
वि. / यां. संभाग जबलपुर



**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र**
**प्रारंभिक अधिसूचना (देखिये धारा 11)**

क्रमांक 184 / भू-अर्जन / 2025 — नरसिंहपुर, दिनांक 11/ 02 /2025

**रा.मा.क्र.0007./अ-82/2024-25 मौजा ग्राम-गंगईकला प.ह.नं.- 29 न.ब.-115 तहसील-गोटेगांव**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Indentification No. EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 6 की उपधारा 2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियन के प्रावधान लागू नही होगें। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**अनुसूची 1**

1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु।
2. भूमि का विवरण
1. जिला : नरसिंहपुर
2. तहसील : गोटेगांव
3. ग्राम : गंगई कला
4. प.ह.नं. : 29
5. न.ब. : 115
6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 2.397 हेक्टेयर

**अनुसूची-2**

| क्र. | भू-धारक खातेदार का नाम (खासरा नाम अनुसार) | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जन हेतु रकबा हे. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तुलसीराम पिता मेरसिह मलाह सा देह | भूमिस्वामी | 2/1 (s) | 0.030 |
| 2 | सोनी रज्जू रतनसिंह पिता ग्याप्रसाद मलाह | भूमिस्वामी | 2/2/1 (s) | 0.016 |
| 3 | सोमनाथ पिता होरा साल मलाह | भूमिस्वामी | 11 (s) | 0.120 |
| | | | 13 (s) | 0.154 |
| 4 | इक्की बाई पत्नी डब्बू सिंह मलाह | भूमिस्वामी | 12 (s) | 0.040 |
| 5 | प्रवेश पिता जीवनलाल मुन्नीबाई वेबा जीवनलाल मलाह | भूमिस्वामी | 31/1 (s) | 0.035 |
| 6 | प्रकाश सिंह पिता परताप सिंह मलाइ सा देह | भूमिस्वामी | 31/2(s) | 0.035 |
| 7 | हुकमसिंह पिता परताप सिंह मलाह | भूमिस्वामी | 31/3 (s) | 0.035 |
| 8 | सोमनाथ पिता हीरालाल मलाह | भूमिस्वामी | 33/1(s) | 0.150 |
| 9 | मनोज पिता हीरालाल मलाह | भूमिस्वामी | 33/2 (s) | 0.161 |
| 10 | चन्द्रहास पिता कालका प्रसाद | भूमिस्वामी | 45 (s) | 0.070 |
| 11 | केमबाई पिता परसादी कलाबाई अन्तोबाई वेबा परसादी मलाह भूमिस्वामी | भूमिस्वामी | 48/2 (s) | 0.120 |
| 12 | मोहन पिता छिदामी लाल मलाह | भूमिस्वामी | 49/1 (s) | 0.190 |
| 13 | रघुवीर पिता छिदामी लाल मलाह | भूमिस्वामी | 49/2 (s) | 0.050 |
| 14 | मुन्नालाल पिता धनीराम मेहरा ग्राम नौकर | सेवाभूमि | 50 (s) | 0.450 |
| 15 | नर्मदाप्रसाद मीमबाई मैनाबाई हल्कीबाई पिता साहब सिंह गौड | भूमिस्वामी | 52 (s) | 0.445 |
| 16 | नर्मदाप्रसाद पिता साहब सिंह गौड | भूमिस्वामी | 53/2 (s) | 0.024 |
| 17 | काशीराम विष्णु पिता दुलीचंद मलाह | भूमिस्वामी | 4 (s) | 0.090 |
| 18 | सेवाराम पिता रामसिंह मलाह | भूमिस्वामी | 5/3(s) | 0.182 |
| | कुल योग | | | 2.397 |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ भोपाल दिनांक एफ 16-15 ( 7 ) - 2014 - सात -शा, 2ए मोपाल दिनांक 29.08.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन शाखा नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा 12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा 15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कक्ष क्रमांक- 84 भू-अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) एवं अनुविभागीय अधिकारी सह भू-अर्जन अधिकारी गोटेगांव कार्यालय में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भूमि से संबंधित रेखांकन भू अर्जन कार्यालय जिला नरसिंहपुर में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार।

(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

सह भू-अर्जन अधिकारी,
गोटेगांव जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-14893/25

# ।। श्रद्धांजलि सभा ।।



## स्व. श्रीमती परमेश्वरी देवी जी

हम आपको शोकाकुल हृदय से सूचित करते हैं कि हमारी पूज्य माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी धर्मपत्नी स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य जी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर दिनांक 20 जून 2025 को ईश्वर के श्रीचरणों में विलीन हो गई हैं।

### श्रद्धांजलि सभा

तिथि : रविवार, 29 जून 2025
समय : प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे
स्थान : टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

### शोकाकुल

• श्रीमती सरोज सिंधु – कैप्टन रूद्र सेन सिंधु • श्रीमती शशि सिंधु – वीर सेन सिंधु • श्रीमती ऊषा सिंधु – वृतपाल सिंधु • डॉ. एकता सिंधु – कैप्टन अभिमन्यु सिंधु • श्रीमती अनिका सिंधु – मेजर सत्यपाल सिंधु • श्रीमती रचना सिंधु – देव सुमन सिंधु (पुत्र–पुत्रवधू)

• श्रीमती दया वर्मा – चौ. राजवीर सिंह वर्मा • श्रीमती बिमला सुरजेवाला – चौ. कुलबीर सुरजेवाला • श्रीमती मधु सिंह – चौ. शमशेर सिंह (बेटी–दामाद)

"एवं समस्त सिंधु परिवार"

ACB (INDIA) LIMITED
SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LIMITED
Shyam Indus Power Solutions Limited
हरिभूमि — हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राईवेट लिमिटेड
Sindhu Trade Links Limited

संपर्क : 7752077777, 9992470001

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240